जबलपुर
सोमवार, 17 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 19, अंक : 48
पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 38
न्यून. 29

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में कई महत्वपूर्ण बदलाव

# अब सिलेबस में नहीं मिलेगी 'बाबरी मस्जिद' अयोध्या वाले चैप्टर पर भी चलाई गई 'कैंची'

**एजेंसी:नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जो अब बाजार में मौजूद हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन 'बाबरी मस्जिद' शब्द को हटाना है, जिसे अब नए एडिशन में 'तीन गुंबद वाली संरचना' के रूप में बताया गया है। इसके अतिरिक्त, अयोध्या पर अध्याय को चार पेज से घटाकर दो पेज में कर दिया गया है।अयोध्या प्रकरण के जो महत्वपूर्ण विवरण जो हटाए गए हैं, उनमें राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्थकों को जुटाने के लिए लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली भाजपा की रथ यात्रा, बाबरी मस्जिद को गिराने में कार सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका, 6 दिसंबर 1992 को मस्जिद के विध्वंस के बाद हुए सांप्रदायिक दंगे, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन और अयोध्या में हुई घटनाओं पर भाजपा का खेद शामिल है। नई पाठ्यपुस्तक के इस पैराग्राफ में कहा गया है कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी समाज में संघर्ष होना तय है। हालांकि, एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में, इन संघर्षों को आमतौर पर कानून की उचित प्रक्रिया के बाद हल किया जाता है।

*अयोध्या पर अध्याय को चार पेज से घटाकर दो पेज में कर दिया गया*



**किताब में किए गए ये बदलाव**

- संशोधित सिलेबस में अयोध्या के इतिहास का एक नया संस्करण भी है। जहां पुरानी पाठ्यपुस्तक में मीर बाकी को 16वीं शताब्दी में बाबरी मस्जिद बनाने वाला बताया गया है, वहीं नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि तीन गुंबद वाली संरचना श्री राम के जन्मस्थान पर बनाई गई थी और उस संरचना में इसके आंतरिक और बाहरी हिस्सों में हिंदू प्रतीकों और अवशेषों का स्पष्ट प्रदर्शन था।
- पुरानी पाठ्यपुस्तक में फरवरी 1986 में मस्जिद के ताले खोले जाने के बाद दोनों पक्षों की लामबंदी, उसके बाद हुए सांप्रदायिक तनाव और मस्जिद के विध्वंस तथा उसके बाद जनवरी 1993 में हुई हिंसा का विस्तृत विवरण दिया गया है। अब सांप्रदायिक हिंसा या राजनीतिक नतीजों का उल्लेख किए बिना इन घटनाओं का सारांश देने वाला एक छोटा पैराग्राफ जोड़ दिया गया है।
- इसके अलावा, अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले को शामिल करते हुए कानूनी कार्यवाही से लेकर सौहार्दपूर्ण स्वीकृति तक शीर्षक से एक नया उपखंड जोड़ा गया है। इसमें कानूनी समाधान प्रक्रिया और राम मंदिर के निर्माण पर जोर दिया गया है।
- कारसेवा का जिक्र भी हटाया गया।

## किताब में नए बदलावों पर क्या बोले एनसीईआरटी के निदेशक?



एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने से जब किताब में नए बदलावों को लेकर कई सवाल किए गए तो उन्होंने कहा कि किताबों का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं है, भगवाकरण क्या है? इसका क्या मतलब है? जब हम किताबें पब्लिश करते हैं तो हम किसी विचारधारा का पालन नहीं करते हैं। एक्सपर्ट्स ने वही किया है जो उन्हें सिलेबस के लिए सही लगा। बाबरी मस्जिद संदर्भ हटाने पर उन्होंने कहा कि हमने उस मामले पर ताजा अपडेट के अनुसार काम किया है। सबजेक्ट एक्सपर्ट्स ने विचार-विमर्श किया है और आखिर में बुक पब्लिश की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले को सुलझा लिया है, नई चीजों के साथ किताब पब्लिश की गई हैं। 12वीं कक्षा में गोधरा दंगों का संदर्भ हटाया गया, इस पर सकलनी ने कहा कि अगर छात्र हिंसा और दंगों पर पढ़ना चाहते हैं, तो उनके बारे में दूसरी बहुत सी स्टडी मेटेरियल है। हमें न केवल रिपीटेशन को कम करना है, बल्कि यह भी देखना है कि आज क्या रिलेवेंट है।







आतंकवाद की कमर तोड़ने केंद्र सरकार ने बनाया बड़ा प्लान

# केंद्र का आतंक पर प्रहार स्लीपर सेल पर पड़ेगी मार

गृह मंत्री शाह ने कहा हर हाल में आतंकवाद का सफाया होना चाहिए

*हाईलेवल की बैठक में शाह ने कहा कि हाल में जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई है, उनमें एक बड़ा पैटर्न यह देखने को मिला है कि दहशतगर्द चोरी छिपे जम्मू कश्मीर में जंगलों के रास्ते से एंट्री कर रहे हैं। घटनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन सभी रास्तों को बंद किया जाए जहां से विदेशी आतंकवादी घुसने में कामयाब होते हैं।*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, पिछले कुछ दिनों में कई मौकों पर आतंकवादियों के साथ सेना का एनकाउंटर हुआ है, कुछ जवान भी शहीद हुए हैं। इस बढ़ते हुए तनाव के बीच में गृहमंत्री अमित शाह ने अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की है। यह बैठक जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति को लेकर की गई। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान अमित शाह ने दो टूक कहा है कि आतंकवाद का सफाया होना जरूरी है। शाह तेवरों को देखते हुए कहा जाने लगा है कि केंद्र सरकार का आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया जाएगा और स्लीपर सेल पर भी कड़ी मार पड़ने वाली है। बैठक में जम्मू-कश्मीर से एलजी सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुलू, डीजीपी आरआर स्वैन, विजय कुमार, एडीजीपी (एलएंडओ), जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और खुफिया अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

**खास बातें**

- यात्रा मार्गों पर सुरक्षा को और ज्यादा मुस्तैद करें
- जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी करें
- गृहमंत्री ने जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी

अमरनाथ यात्रियों को दें हर हाल में सुरक्षा का कवच

आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जा सकता और उनके खिलाफ हर संभव एक्शन लेना ही होगा




### अमरनाथ यात्रा के लिए 500 कंपनियां तैनात होंगी

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीआरपीएफ, बीएसएफ,आईटीबीपी और सीआईएसएफ समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा।

### ये है सरकार का प्लान

हाल की जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई है, उनमें एक बड़ा पैटर्न यह देखने को मिला है कि दहशतगर्द चोरी छिपे जम्मू कश्मीर में जंगलों के रास्ते से एंट्री कर रहे हैं। घटनाओं का जिक्र करते हुए अमित शाह ने अधिकारियों को बोला है कि उन सभी रास्तों को बंद किया जाए जहां से विदेशी आतंकवादी घुसने में कामयाब हो जाते हैं।

### किसी भी कीमत पर आतंकवाद नहीं पनपने देंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक के दौरान कहा है कि आतंकवाद को कुचलना जरूरी है और किसी भी कीमत पर उसे फिर पनपने नहीं दिया जा सकता। अधिकारियों को संदेश देते हुए शाह ने यहां तक कहा है कि आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जा सकता और उनके खिलाफ हर संभव एक्शन लेना होगा। इस समय जम्मू कश्मीर में आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा और चुनाव जैसे बड़े कार्यक्रम भी होने जा रहे हैं। उस बात का जिक्र करते हुए भी अमित शाह ने अधिकारियों को कहा है कि पूर्ण सुरक्षा कवर दिया जाए, यात्रा मार्गों पर सुरक्षा को और ज्यादा मुस्तैद किया जाए, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी हो।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया शुभारंभ

# उज्जैन से ओंकारेश्वर के लिए हवाई सेवा की शुरुआत



**प्रथम यात्री मुंबई से आई श्रीमती दिशा सिंह बनी**

**उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, भारत सरकार ने दी मंजूरी**

- उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, भारत सरकार ने दी मंजूरी
- मैहर, दतिया, ओरछा, अन्य धार्मिक स्थल भी हवाई यात्रा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में भोपाल से रीवा, सिंगरौली, ग्वालियर, खजुराहो के बाद अब उज्जैन से ओंकारेश्वर के लिए रविवार से हवाई सेवा की शुरूआत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा केवल श्री महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर नहीं है, बल्कि हमारे आस्था के केंद्र ज्योतिर्लिंगों के प्रति देश और दुनिया में स्थित श्रद्धालुओं की आस्था को जोड़ने का संकल्प है। जल्दी ही प्रदेश के मैहर, दतिया, ओरछा, अन्य धार्मिक, पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के देव स्थलों को भी हवाई यात्रा से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन स्थित पुलिस लाइन में पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के संचालन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हेली सेवा के तहत शुरू हो रहे हेलीकॉप्टर की विधिवत पूजा-अर्चना की और हरी झंडी दिखाकर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हेली सेवा के तहत प्रथम यात्री मुंबई से आई श्रीमती दिशा सिंह और उनके परिवार को विमान टिकट का वितरण किया। पहले चरण में भोपाल उज्जैन ओंकारेश्वर एवं इंदौर उज्जैन ओंकारेश्वर रूट पर यह हवाई सेवा शुरू की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी पर इस सेवा की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में हेलीकॉप्टर की संख्या और बढ़ाई जाएगी। जिसमें 16 -16 यात्री हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे।

### उज्जैनवासियों ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आनंद में आज हम सभी सहभागी बन रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने के लिए भारत सरकार की ओर से स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि उज्जैन को पिछले दो दिनों में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। डॉ. यादव ने कहा कि विकास के लिए उज्जैनवासियों ने सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की हैं।

**खबर संक्षेप**

### ट्रॉले ने दो लोगों को रौंदा, एक की मौत

**खंडवा।** जिले में 16 चक्के के ट्रॉले ने दो लोगों को रौंद दिया। बाइक सवार की मौत हो गई।



सड़क किनारे खड़ी महिला गंभीर घायल है। इसके पहले ट्रॉले ने कार को टक्कर मारी। कार सवारों के पीछा करने पर चालक ट्रॉले को तेज रफ्तार में भगा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दो पिकअप और एक बस को भी टक्कर मार दी। घटना रविवार सुबह 11.30 बजे आशापुर गांव में खंडवा-होशंगाबाद स्टेट हाईवे की है। आगे जाकर चलते ट्रॉले से ड्राइवर-क्लीनर कूदकर भाग गए।

### दो महीने के भीतर वंदे भारत स्लीपर की सुविधा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए बड़ी सौगात दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है



कि दो महीने के भीतर ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन पटरी पर उतर जाएगी। जिसका काम अंतिम चरण में चल रहा है। जल्दी ही यह ट्रेन सभी लोगों के लिए उपलब्ध होगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के ट्रेनसेट का काम जोरों पर चल रहा है। इस आधार पर अगले दो महीने में स्लीपर ट्रेन दो दिनों के भीतर ही पटरी पर उतर जाएगी।

सरकार ने माना नीट परीक्षा में गड़बड़ी हुई

## शिक्षा मंत्री ने कहा- दोषी मिले, तो एनटीए के अफसर भी नहीं बचेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट यूजी 2024 एग्जाम विवाद को लेकर देशभर में विद्यार्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है।

उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो कोई बड़ा अधिकारी भी क्यों न हो।

पहले धांधली से इनकार किया था, अब बताई एनटीए में सुधार की जरूरत



**छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर है सरकार**

प्रधान ने कहा दो जगहों पर एग्जाम में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। मैं छात्रों और अभिभावकों को ये विश्वास दिलाता हूं कि सरकार गंभीर है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. जटिया की पत्नी का निधन

## भाजपा का सम्मान समारोह स्थगित, सीएम ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा कार्यालय में रविवार को होने वाले मप्र के सभी 6 केंद्रीय मंत्रियों का सम्मान समारोह स्थगित कर दिया गया। अब यह कार्यक्रम किसी अन्य दिन आयोजित होगा। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा संगठन ने बड़े पैमाने पर तैयारी की थी, किंतु रविवार दोपहर में ही पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती जटिया के निधन की खबर के बाद इस कार्यक्रम को स्थगित करने का निर्णय ले लिया गया।



डीपफेक कंटेंट पर नकेल की तैयारी

## संसद सत्र में बिल ला सकती है सरकार, सभी दलों से होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार एआई डीपफेक वीडियोज और अन्य खतरनाक और फेक ऑनलाइन कंटेंट को रोकने के लिए संसद सत्र में बिल ला सकती है। इस बिल का नाम डिजिटल इंडिया बिल होगा। यह कानून आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का उपयोग करने के बेहतर तरीके भी तलाशेगा। सरकार संसद में बिल पेश करने से पहले बिल पर एक क्रॉस-पार्टी सहमति प्राप्त करने का भी प्रयास करेगी।




शहर में बारिश का कोटा तेजी से हो रहा कम

## धूप, बादल, उमस... गर्मी ने निकाला पसीना आठ जिलों में 40 से 43 के बीच पहुंचा पारा

- ग्वालियर, खजुराहो, सतना और नौगांव में चली लू, मानसून लेट होने से कहीं तेज गर्मी तो कहीं बौछारों का दौर, दो से तीन दिन ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को मिलाजुला मौसम रहा। रविवार तक शहर में प्री मानसून बारिश का कोटा तेजी से कम हो रहा है। एक जून से रविवार तक शहर में कुल 4.3 मिमी ही बारिश हुई है, जो सामान्य से 42 मिमी कम है। इससे शहर में गर्मी, उमस लोगों को परेशान कर रही है।



बोट क्लब का दृश्य

### मानसून आगे बढ़ा, अब 21 के आसपास उम्मीद

ग्वालियर, ग्वालियर, खजुराहो, सतना और नौगांव में दिन का पारा 45 से 46 डिग्री तक रहा। यहां लू का असर रहा। छिंदवाड़ा के कुछ हिस्से, बालाघाट, मलाजखंड, सिवनी जिले में कहीं कहीं छोटे आकार के ओले भी गिरे। सोमवार को भी प्रदेशभर में मौसम ऐसा ही रहेगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री बनने के बाद पहली बार दिल्ली से भोपाल पहुंचे शिवराज

## मामा-मामा नारों से गूंजा भोपाल, मुस्लिम महिलाओं ने किया भव्य स्वागत, ट्रेन में बच्चों संग खिंचवाई 'सेल्फी'



*कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को दी बड़ी खुशखबरी, कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में कृषि व किसान के विकास का रोडमैप तैयार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में कृषि मंत्री बनाए जाने के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पत्नी साधना सिंह के साथ पहली बार शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन से भोपाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ट्रेन में सफर कर रहे लोगों के साथ खूब फोटो खिंचवाई और बच्चों को आशीर्वाद भी दिया। उ



**पीएम मोदी कर चुके हैं तारीफ**

लोकसभा का चुनाव के दौरान पीएम मोदी शिवराज की तारीफ कर चुके हैं। पीएम ने कहा था कि चौहान के समय में मध्य प्रदेश बीमारू स्टेट से निकलकर सबसे आगे खड़े राज्यों में आ गया।

**सरकार किसान कल्याण के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज का रविवार को मुरैना रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां मीडिया से बात की। उन्होंने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी।

# भाजपा ने किया 'मटका फोड़' प्रदर्शन, केजरीवाल की लापरवाही इसका मूल कारण



## भाजपा ने आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

## दिल्ली का जल बोर्ड एक भ्रष्टाचार का अड्डा बना

**दिल्ली जल संकट पर बवाल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पानी की किल्लत को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विरोध-प्रदर्शन के साथ ही इस मुद्दे पर भाजपा सांसद भी सरकार को घेररही है।

पेयजल संकट पर भाजपा दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर 'मटका फोड़' प्रदर्शन कर रही है। पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के खिलाफ नजफगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले कांग्रेस ने कल जल संकट को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन किया था।



### दिल्ली सरकार छिपा रही कमियां: चंदोलिया

सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने मुनक नहर के पास पानी की किल्लत पर आम आदमी पार्टी को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से दिए जा रहे पानी को स्टोर करने के लिए दिल्ली सरकार के पास जगह नहीं है और कमियों को छिपाने हरियाणा सरकार पर ठीकरा फोड़ रही है। जल मंत्री आतिशी यह कहकर दिल्ली की जनता को गुमराह कर रही हैं कि हरियाणा सरकार की ओर से पर्याप्त पानी नहीं दिया जा रहा है। जल बोर्ड एक भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

### बांसुरी और सचदेवा प्रदर्शन में शामिल

भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में जल संकट का अगर कोई जिम्मेदार है तो वह अरविंद केजरीवाल और आप सरकार है। दिल्ली में जल संकट प्राकृतिक नहीं है। इनकी लापरवाही, पानी की चोरी, पानी की बर्बादी मूल कारण है जिसकी वजह से दिल्ली में जल संकट है। 10 साल से आप की सरकार है, 2024 तक हर घर जल का वादा अरविंद केजरीवाल ने किया था, उस वादे का क्या हुआ?भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली में पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार के खिलाफ 'मटका-फोड़' विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

### केंद्रीय मंत्री के आवास पर पहुंची विधायक

आप विधायक केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने पहुंचे। हालांकि उनसे मुलाकात नहीं हुई है। आप विधायकों ने बताया कि हमने उनके आवास, कार्यालय और अन्य सभी माध्यमों से पत्र दे दिया है।आप विधायक राखी बिड़ला ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने कल मंत्री सीआर पाटिल को एक पत्र दिया और आज हमारा प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने के लिए उनके आवास पर गया लेकिन हमें जानकारी मिल रही है कि वह अपने आवास पर नहीं हैं। हम मंत्री से अनुरोध करना चाहते हैं कि दिल्ली में पानी की कमी के मुद्दे पर ध्यान दें।

### दिल्ली में पाइपलाइन काटने की हो रही साजिश: आतिशी



*दिल्ली में लोगों को इस समय दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। तपती दिल्ली में पेयजल संकट परेशान कर रहा है। कई इलाके पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। इस बीच दिल्ली की जलमंत्री आतिशी का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की परेशानी बढ़ाने के लिए पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है।*

---

## ईवीएम को लेकर एक बार फिर देश की राजनीति में बवाल

# राहुल-अखिलेश के आरोप पर ईसी की खरी-खरी, फोन से लेना देना ही नहीं




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईवीएम को लेकर एक बार फिर देश की राजनीति में बवाल शुरू हो गया है। मुंबई की एक घटना सामने आने के बाद से ही राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव ने गंभीर सवाल उठा दिए हैं। अब चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी सवालों के जवाब दे दिए हैं। आयोग ने दो टूक कहा है कि ईवीएम का फोन से कोई लेना देन नहीं है।

ईवीएम को लेकर गलत प्रचार किया जा रहा है, फर्जी खबर फैलाई जा रही है। असल में शिंदे गुट के उम्मीदवार रवींद्र वायकर के रिश्तेदार पर ऐसा आरोप लगा कि उसने चुनाव के वक्त ईवीएम को अपने फोन के जरिए अनलॉक कर लिया। गोरेगांव चुनवा सेंटर के अंदर पाबंदी होने के बावजूद मोबाइल का इस्तेमाल हुआ। इन्हीं आरोपों की वजह से रवींद्र के रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज हआ। एक्स के हेड एलन मस्क ने भी ईवीएम को ही कठघरे में खड़ा किया है।

## राहुल और अखिलेश बिना वजह लगा रहे गलत आरोप

## ईवीएम को लेकर गलत प्रचार और बयानबाजी न करें


**प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सभी सवालों के जवाब दिए**




**खारिज किया हैकिंग का आरोप**

महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जो खबर है, कुछ लोगों ने ट्वीट किए हैं, लेकिन ये आरोप पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने साफ कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नही लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी से कनेक्ट नहीं रहता है। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है। खबर पूरी तरह से गलत है। हमने पेपर को नोटिस इश्यू किया है। आईपीसी की 499 धारा के तहत डिफेमेशन का केस दर्ज किया गया है।

### राहुल ने 'ब्लैक बॉक्स' बताया



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है और किसी को भी उसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही का अभाव होता है तो लोकतंत्र दिखावा बन जाता है। राहुल ने मीडिया रिपोर्ट्स को टैग किया, जिसमें दावा किया गया कि मुंबई के उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से मात्र 48 वोटों से चुनाव जीतने वाले शिवसेना उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक फोन था, जिससे ईवीएम अनलॉक हो जाता है।

### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर बोले हमसे ट्यूटोरियल ले लीजिए



भाजपा नेता ने कहा कि मस्क की चिंताएं उन देशों पर लागू हो सकती हैं जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ मानक कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म का प्रयोग करके वोटिंग मशीनें बनाई जाती हैं। यह भारत पर लागू नहीं होती हैं। भारतीय ईवीएम कस्टम डिजाइन किए जाते हैं। यह सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग है। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ नहीं, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। कोई रास्ता नहीं है। फैक्टरी प्रोग्राम किए गए।

### अखिलेश बोले भाजपा क्यों कर रही जिद?



लोकसभा चुनाव के बाद भले ही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को लेकर उस तरह से सवाल नहीं उठे जिस तरह से पिछले पहले उठते रहे हैं। लेकिन अब एलन मस्क का दावा सामने आने के बाद एक बार फिर ईवीएम को लेकर विपक्षी गठबंधन ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। अखिलेश यादव ने रविवार को अपना पुराना राग फिर से अलापा। मस्क की खबर को पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि आने वाली सभी चुनाव ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से हो। यादव ने यह भाजपा पर निशाना साधते हुए यह भी पूछ लिया कि ईवीएम से ही चुनाव को लेकर भाजपा क्यों जिद कर रही है? यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि टेक्नोलॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

---

## लोकसभा स्पीकर पर पक्ष- विपक्ष में वार

**शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय ने कहा**

# टीडीपी को नहीं मिला पद तो इंडी गठबंधन देगा उन्हें 'समर्थन'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि लोकसभा स्पीकर का पद एनडीए गठबंधन के किसी नेता को मिलना चाहिए। चंद्रबाबू नायडू ने लोकसभा स्पीकर का पद मांगा है और अगर उन्हें यह पद नहीं मिलता है तो हम ये सुनिश्चित करेंगे कि तेदेपा के उम्मीदवार को इंडी गठबंधन का समर्थन मिले। राउत ने कहा कि स्पीकर पद के लिए लड़ाई अहम है।

अगर एनडीए के उम्मीदवार को यह पद नहीं मिला तो पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह टीडीपी, जेडीयू और लोजपा (रामविलास) को तोड़ सकते हैं। अगर चंद्रबाबू नायडू को यह पद नहीं मिलता है तो हम ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके उम्मीदवार को इंडीगठबंधन का समर्थन मिले।

### सर्वसम्मति से चुनें स्पीकर डिप्टी पद विपक्ष को दें: तारिक



लोकसभा स्पीकर को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद तारिक अनवर ने कहा कि हम तो चाहेंगे कि लोकसभा अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना जाए। इसके लिए सत्ता पक्ष को विपक्ष के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाना चाहिए। संजय राउत का कथन उनके पार्टी का निजी मामला है।

### भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी: त्यागी



लोकसभा स्पीकर के चुनाव पर केसी त्यागी ने कहा कि लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है। उस पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का है। इंडी गठबंधन की मांगें और बयान आपत्तिजनक हैं। उन्होंने कहा, कि हम मानते हैं कि भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी है। उस पद पर भाजपा या एनडीए का पहला अधिकार है। मैं पिछले 35 सालों से एनडीए में हूं। भाजपा ने कभी जनता दल को तोड़ने की कोशिश नहीं की। टीडीपी और जदयू ने अहम भूमिका निभाई है। मगर हम एनडीए को कमजोर करने की कोशिश कभी नहीं करेंगे।'

### डिप्टी स्पीकर पर विपक्ष के नेता नहीं बैठे



**पटना।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और ईवीएम को लेकर बड़ा बयान दिया है। मांझी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जब यह कह दिया है कि ईवीएम में कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है, फिर भी वे (विपक्ष) केवल अपने मनोरंजन के लिए ऐसा कहते हैं। अगर ईवीएम में छेड़छाड़ की बात होती तो आज उन्हें इतनी सीटें नहीं मिलतीं। वे केवल अपनी कमजोरी दिखा रहे हैं। जैसे जनता को गुमराह करके कि आरक्षण और संविधान खतरे में है।

### एनडीए सरकार केंद्र में पांच साल पूरा करेगी: केंद्रीय मंत्री रामनाथ



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के एक और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर अचानक दिल्ली से पटना पहुंचे। उन्होंने मंत्रालय और एनडीए सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। ठाकुर लोकसभा स्पीकर को लेकर चल रहे कयासों के बीच पटना पहुंचे हैं। ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अभी तो कृषि विभाग का अध्ययन कर रहा हूं। अध्ययन के बाद निश्चित रूप से बिहार के साथ साथ पूरे हिंदुस्तान के लिए और किसानों की भलाई के कुछ अच्छा करूंगा। वहीं, केंद्रीय मंत्री से जब यह पूछा गया कि विपक्ष दावा का रहा कि केंद्र में एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी, इसपर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार केंद्र में 5 साल पूरा करेगी।

---

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस लूट रही खटाखट टकाटक: मालवीय

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए



राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कैप्शन दिया, कांग्रेस लूट रही है खटाखट, टका टक। कांग्रेस की गारंटिया पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत, इसलिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल का यह बयान उन्होंने कोट किया है।

### ममता के भतीजे अभिषेक बेनर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी को रविवार सुबह



कोलकाता के एक प्रॉइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी तृणमूल कांग्रेस के करीबी से सूत्रों ने बताया कि कि वह एक सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। अभिषेक बनर्जी बीते बुधवार को ही इस बात की जानकारी दी थी कि वे जल्दी ही राजनीति से छुट्टी लेंगे।

---

**डेंटिस्ट बोर्ड ने परिषदों को दिया निर्देश**

## इन 'नीम हकीमों' को बंद करने का आदेश दें, कानूनी कार्रवाई भी करें

एजेंसी ▶▶

देश में अब फर्जी डेंटिस्ट्स पर शिकंजा कसने वाला है। बढ़ती शिकायतों के बाद डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया आवश्यक चिकित्सा योग्यता के बिना डेंटिस्ट्स के रूप में काम करने वाले व्यक्तियों और ऐसे लोगों को रोजगार देने वाले क्लीनिकों पर शिकंजा कसने की योजना बना रही है।

देश में डीसीआई के साथ रजिस्टर्ड 270,000 डेंटिस्ट्स हैं और ये संख्या दुनिया में सबसे अधिक है।

**बिना डिग्री जान खतरे में डाल रहे**



### कार्रवाई की रिपोर्ट भी पेश करें

डेंटिस्ट बोर्ड ने स्टेट डेंटिस्ट परिषदों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी व्यक्ति या व्यवसाय के खिलाफ डेंटिस्ट एक्ट का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करें और तुरंत काम बंद करने के आदेश जारी करें। नियामक ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे बिना लाइसेंस वाले चिकित्सकों से डेंटिस्ट प्रक्रिया कराने से जुड़े खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाएं। यह भी अनिवार्य किया गया है कि की गई कार्रवाई और प्राप्त परिणामों की पूरी रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर दी जाए। अप्रशिक्षित और अपंजीकृत कर्मियों का उपयोग करना डीसीआई के मान्यता प्राप्त उल्लंघनों में से एक है।

---

### पौड़ी में खाई में गिरी कार, 4 लोगों की मौत



**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी में अनियंत्रित कार खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में सवार सभी लोग शादी-समारोह में भाग लेने जा रहे थे। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई। जांच की जा रही है।

---

## प्रयागराज, हरिद्वार में आस्था की 'डुबकी'

**गंगा दशहरा पर उमड़ा सैलाब**



**हरिद्वार।** वाराणसी में गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा के दशाश्वमेध घाट पर डुबकी लगाई। घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी है। लोग सवेरे से ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे हैं। प्रयागराज, अयोध्या और हरिद्वार के गंगा घाटों पर भी भारी भीड़ रही। पटना में गंगा नदी में नाव पलट गई। परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया, लेकिन 4 लोग लापता हैं।

---

## योग दिवस से पहले भारत समेत दुनियाभर में योग पर कार्यक्रम

# 128 साल के पद्मश्री स्वामी शिवानंद ने किया योग

21 जून को दुनियाभर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जगह-जगह योग से जुड़े इवेंट्स हो रहे हैं। मुंबई में भी एक इवेंट हुआ जहां हिंदी सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर सुभाष घई भी शामिल हुए।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पांच दिन बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। मलाइका अरोड़ा से लेकर शिल्पा शेट्टी तक हिंदी सिनेमा से जुड़े कई सितारे नियमित योग करते हैं और इसके जरिए खुद को फिट भी रखते हैं।

योग दिवस नजदीक आ रहा है तो भारत समेत दुनियाभर में इवेंट्स रखे जा रहे हैं। एक्स पर योग डे इवेंट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 128 साल के स्वामी शिवानंद योग करते हुए नजर आ रहे हैं। पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु इवेंट में कुछ योग आसन कर रहे हैं। इस उम्र में उन्हें योग करता दिख इवेंट में मौजूद सभी लोग तालियां बजाते नजर आए।

फिल्म निदेशक सुभाष घई भी उन्हें देख दंग रह गए और तालियां बजाने लगे।

**स्वामी शिवानंद प्रतिदिन सुबह 3 बजे उठकर योग करते हैं**

**योग की वजह से अनिद्रा और तनाव की समस्या नहीं होती**



### योग गुरु के मुरीद हुए सुभाष

सुभाष घई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इवेंट से एक फोटो शेयर की है और अनुभव शेयर किया है। वे दुनिया के सबसे बुजुर्ग शख्स स्वामी शिवानंद को सम्मानित करते हुए एक फोटो शेयर की। घई ने कैप्शन में लिखा, योग के कारण एक व्यक्ति 128 सालों से अधिक एक्टिव रह सकता है। शिलोका योग फाउंडेशन द्वारा आयोजित योग बड़ा अनुभव रहा।

---

**केरल राज्यपाल ने कहा**

## संविधान कभी भी खतरे में नहीं था और न कभी रहेगा

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा संविधान न कभी खतरे में था और न कभी होगा। भारत में कानून का शासन है। रविवार को अपने पैतृक जिला बुलंदशहर पहुंचे आरिफ ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

खान ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी गठबंधन की तरफ से संविधान के खतरे में होने का डर दिखाए जाने की बात पर कहा कि संविधान में समय-समय पर संशोधन होते रहे हैं और संविधान का जो मूल ढांचा है उसकी अपनी



एक पवित्रता है।खान ने जम्मू कश्मीर के हालिया आतंकी घटनाओं पर कहा कि इसका नई सरकार के गठन से कोई लेना-देना नहीं है। पहली बार कश्मीर में इतनी बड़ी संख्या में लोग वोट करने के लिए घरों से निकले और कश्मीर में तेजी के साथ स्थिति सामान्य हो रही है। बड़े पैमाने पर वोटिंग हुई है।

# हवाई युद्ध अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

*भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भी शामिल होगी*

## पहली बार भारत के राफेल विमानों ने 'रेड फ्लैग' अभ्यास में लिया भाग

एजेंसी ▶▶ जूनो

भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ जूनो, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास 'रेड फ्लैग' में हिस्सा लिया। अभ्यास का यह दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है।

चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भी भाग लेगी।



### मिशन में इंजीनियर और विशेषज्ञ शामिल हुए

*भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।*



### मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई

यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। भारतीय वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई।



### लंबी दूरी तक भरी हवाई उड़ान

अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था।

---

### खराश और सूजन से होती है इस बीमारी की शुरुआत

अब तक 977 केस मिले

# जापान में फैला मांस खाने वाला बैक्टीरिया, इससे 48 घंटे में मौत



एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान में कोरोना के बाद अब एक नई खतरनाक बीमारी सामने आई है। इसमें बैक्टीरिया मरीज के शरीर का मांस खाने लगता है। बीमारी का नाम स्ट्रेप्टोकॉकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम एसटीएसएस है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीमारी से 48 घंटे में मरीज की मौत हो जाती है। जापान में अब तक इसके 977 केस सामने आ चुके हैं। यह बीमारी ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकॉकस (गैस) बैक्टीरिया की वजह से होती है। यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे संक्रमित लोगों में सबसे पहले सूजन और गले में खराश होती है। इसके अलावा शरीर में दर्द, बुखार, लो बीपी, नेक्रोसिस ( शरीर के टिशू मर जाते हैं), सांस लेने में समस्या, ऑर्गन फेलियर जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसके कुछ ही घंटों बाद मौत हो जाती है।

स्ट्रेप्टोकोकस बीमारी अब यूरोप के 5 देशों तक फैल चुकी है। इनमें ब्रिटेन, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्वीडन शामिल है। यहां इस बैक्टीरिया ने सबसे ज्यादा बच्चों को अटैक किया है।

### ऐसे फैलता है शरीर में बैक्टीरिया?

जानकारी के अनुसार पब्लिक हेल्थ इंटेलेक्चुअल डॉ. जगदीश हीरेमठ ने बताया कि यह बैक्टीरिया शरीर में जहरीला पदार्थ पैदा करता, जिससे जलन होने लगती है। फिर यह शरीर में टिशू को डैमेज करते हैं जिससे सूजन फैलने लगती है। इसके बाद टिशू मरीज के मांस को खाने लगते है, जिससे तेज दर्द होने लगता है। जापान के डॉक्टर हायरमैथ ने बताया कि देश में इस बीमारी से लड़ने के लिए हेल्थ अथॉरिटीज लगातार हालात का जायजा ले रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए कैंपेन चलाए जा रहे हैं। इसमें इस बीमारी की गंभीरता और खतरों के बारे में बताया जा रहा है। इसके अलावा जापान के सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्हें एसटीएसएस के मरीजों के तुरंत इलाज के लिए गाइडलाइंस दी गई हैं।



### सालभर में आ सकते हैं 2500 मरीज, मृत्यु दर 30%

*टोक्यो की महिला डॉक्टर केन किकुची के मुताबिक पहले मरीज के शरीर खासकर पैर में सूजन दिखती है फिर कुछ घंटों बाद यह पूरे शरीर में फैल जाती है। इसके बाद 48 घंटों के भीतर मरीज की मौत हो जाती है। किकुची ने लोगों से बार-बार हाथ धोने और खुले घावों का तुरंत इलाज करने की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बीमारी जिस दर से बढ़ रही है, उसके बाद अंदाज लगाया गया है कि आने वाले समय में जापान में हर साल इस बीमारी के 2500 मामले आ सकते हैं। वहीं इससे मृत्यु दर 30% तक पहुंच सकती है।*

---

### जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत

# मेलोनी ने जी-7 के समापन में पीएम मोदी से कहा- भारत संग साझेदारी और करेंगे मजबूत



*मेलोनी ने कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों की खोज की जो शुरुआत पीएम मोदी के साथ 2022 में हुई थी, वह आगे बढ़ चुकी है। अब इस साझेदारी को और मजबूत करने की ओर बढ़ चले हैं।*

एजेंसी ▶▶ बारी

जी-7 की मेजबान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अवसरों की तलाश की है।

मेलोनी ने कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों की खोज की जो शुरुआत पीएम मोदी के साथ 2022 में हुई थी, वह आगे बढ़ चुकी है। अब इस साझेदारी को और मजबूत करने की ओर बढ़ चले हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि हम बातचीत के लिए खुले हैं, लेकिन हमारी कंपनियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष बाजार में समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। मेलोनी ने भारत के नजरिये को आगे बढ़ाते हुए कहा, जी-7 हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है।

### सम्मेलन में पीएम मोदी और ट्रूडो की हुई मुलाकात

*जी 7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात हुई'। इस दौरान खालिस्तान समर्थक उग्रवाद पर दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद दक्षिणी इटली के अपुलीया में आयोजित बैठक में पीएम मोदी और जस्टिन ट्रूडो के बीच यह पहली मुलाकात थी। उनकी आखिरी मुलाकात सितंबर में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई थी।*



### मोदी ने दुनिया के सामने रखा भारत का दृष्टिकोण

*पीएम मोदी ने जी-7 के मंच से विश्व नेताओं के बीच तमाम अहम मसलों पर भारत का दृष्टिकोण पेश किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें इटली में उनके आगमन से रवानगी तक यात्रा की तमाम झलकियां दिखाई गई हैं।*

---

## खबर संक्षेप


### मणिपुर के कांगपोकपी में भूकंप के झटके



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी इलाके में रविवार की दोपहर बाद 3.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और लोगों में दहशत फैल गई। मणिपुर के कांगपोकपी में रविवार को 13 बजकर 21 मिनट 30 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप के चलते कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन में 25 किमी नीचे और भूकंप का एपीक सेंटर 24.99 उत्तरी अक्षांश तथा 93.96 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

### गाजा में विस्फोट से आठ इजराइली सैनिकों की मौत

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में हुए विस्फोट में 8 इजराइली सैनिक मारे गए। ये सभी सैनिक नेमर नाम के बख्तरबंद कॉम्बैट इंजीनियरिंग व्हीकल सीईव्ही के अंदर थे। जनवरी में गाजा में एक ब्लास्ट में 21 इजराइली सैनिक मारे गए थे, उसके बाद यह पहला ऐसा हादसा है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में सैनिक मारे गए हैं। राफा के तल अल-सुल्तान इलाके के उत्तरपश्चिमी हिस्से में हमास के आतंकी ठिकानों को तबाह करने निकली इजराइली सेना की एक टुकड़ी करीब 50 आतंकियों को मारकर लौट रही थी।



### मनाली में बढ़ी पर्यटकों की भीड़



**मनाली।** मनाली में बढ़ी पर्यटकों की भीड़ के बीच ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन। ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को घंटो कतार में लगकर इंतजार करना पड़ा।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

## ब्रिटेन और श्रीलंका में योग दिवस से पहले योग पर कार्यक्रम

एजेंसी ▶▶ लंदन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले दुनियाभर के देशों में योग कार्यक्रम हो रहे हैं। ब्रिटेन और श्रीलंका में योग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने ट्राफलगर चौक पर तो श्रीलंका के पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडमन ने त्रिंकोमाली में एक योग कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। बता दे कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है।

### 700 से अधिक लोगों ने भाग लिया

*भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने कहा, 'लंदन के ट्राफलगर चौक पर 700 से अधिक लोगों का आना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। इसके चारों ओर प्रतिष्ठित प्रतिमाएं हैं। निश्चित रूप से, कई योग विद्यालय यहां आए और योग के अभ्यास में हमारा नेतृत्व किया। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लंदन में हुए कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने का कहना है कि योग सभी को एकजुट करता है और योग सभी के लिए है।*

### गोलीबारी में दो बच्चे समेत छह लोग घायल

## टेक्सास में जूनटींथ उत्सव मातम में बदला, दो गुटों में झड़प, गोली से 3 की मौत



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में टेक्सास के राउंड रॉक में जूनटींथ उत्सव के दौरान गोलीबारी की गई। हमलावर में भीड़ पर गोली चलाई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में दो बच्चे समेत कम से कम छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों की हालत गंभीर है। राउंड रॉक पुलिस विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक सक्रिय दृश्य है। जांच जारी है। कृपया इस क्षेत्र में जाने से बचें। कानून प्रवर्तन और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता मौके पर मौजूद हैं। ऑस्टिन-ट्रैविस काउंटी ईएमएस घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराय गया। ये सभी गंभीर रूप से घायल हैं।

### तीन लोगों की मौत

*जानकारी के अनुसार इस हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल है। हालांकि, बाद में रिपोर्टों से मालूम चला कि मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। यह घटना तब घटी, जब जूनटींथ उत्सव के दौरान वेंडर क्षेत्र के पास दो समूह आपस में भिड़ गए। गवाहों ने बताया कि इस झड़प में किसी ने बंदूक निकाल ली और फायरिंग शुरू कर दी। मिशीगन में रोशेस्टर हिल्स में ऑर्बन के स्प्लैश पैड में गोलीबारी के कुछ ही घंटों बाद यहां फायरिंग हुई। इस घटना में दो बच्चे समेत आठ लोग घायल हो गए। हालांकि, बाद में हमलावर मृत पाया गया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि हमलावर अपने वाहन से उतरने के बाद ही गोलीबारी करने लगा। उसने कई बार अपनी बंदूक में गोली भरी। उसने 28 बार गोली दागी। बता दे कि गोलीबारी के कारण का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस का मानना है कि गोलीबारी बिना किसी मकसद के की गई है।*

### हवा की गति 80 मील प्रति घंटा तक पहुंची, मची अफरा-तफरी

# न्यू जर्सी में बवंडर ने मचाई तबाही, कई जगह भूस्खलन, कारें पलटीं-पेड़ उखड़े

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

न्यू जर्सी में भारी बारिश और हवाओं के साथ भीषण तूफान आया। वहीं, मर्सर काउंटी में भूस्खलन के बाद आए बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। बवंडर की वजह से कई पेड़ टूट गए हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, लॉरेंस टाउनशिप में कोनोको गैस स्टेशन के पास 80 मील प्रति घंटे की गति से बवंडर आया। बवंडर की वजह से पेड़ टूट गए, जिनमें से एक पेट्रोल स्टेशन पर जा गिरा। वहीं एक डाकघर की पार्किंग में खड़ी कई कारें पलट गईं। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि बवंडर शाम पांच बजकर 59 मिनट से छह बजे के बीच आया। यह करीब 210 मीटर तक फैला और अधिकतम चौड़ाई 55 मीटर थी।





### बवंडर के लिए जिम्मेदार बना चक्र

अधिकारियों के अनुसार, बवंडर के लिए जिम्मेदार चक्र, पेंसिल्वेनिया के बक्स काउंटी में तूफानों के कारण चली हवाओं और पूर्व दिशा से आने वाली समुद्री हवा के टकराव के कारण उत्पन्न हुआ था। मौसम की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जहां अगले सप्ताह के लिए हीटवेव का अनुमान लगाया गया था।

### क्या है भूस्खलन बवंडर?

भूस्खलन बवंडर थोड़े अलग होते हैं। वह ऊपर से घूमते हुए गरज के साथ विकसित होने के बजाय जमीन से ऊपर की ओर बनते हैं। उनका छोटा आकार और मानक रडार रेंज से नीचे की संरचना के कारण अक्सर उनका पूर्वानुमान लगाना और उनका पता लगाना कठिन हो जाता है।



## खबर संक्षेप

### अमरवाड़ा के लिए दूसरे दिन एक नामांकन-पत्र जमा हुआ

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन-पत्र जमा करने के दूसरे दिन 15 जून को एक अभ्यर्थी की ओर से नामांकन-पत्र जमा किया गया। 16 एवं 17 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन-पत्र नहीं जमा किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नामांकन-पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी। राजन ने बताया कि नामकन-पत्र दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां चुनाव आयोग की वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

### हमीदिया में इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में पानी का संकट, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के हमीदिया अस्पताल में इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में पीने के पानी का संकट होने और मरीजों के परेशान होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों को पीने के पानी की सुविधा वार्ड में बेड पर ही या वार्ड किसी निश्चित स्थान पर प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्रवाई के सम्बन्ध में प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि हमीदिया में नई बिल्डिंग के इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में मरीजों को पानी नहीं मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोक्षदायिनी शिप्रा की पूजा-अर्चना कर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का किया शुभारंभ

# पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने के साथ सहेजने और संवारने का माध्यम बनेगी शिप्रा तीर्थ परिक्रमा

**मुख्यमंत्री हजारों श्रद्धालुओं के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में हुए शामिल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा केवल यात्रा नहीं, यह शिप्रा तट पर स्थित पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने, सहेजने, संवारने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन के पावन रामघाट पर मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जयिनी में पुण्य पावन सलिला मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के शुभारंभ अवसर पर धर्म, आस्था और विश्वास का अद्भुत दृश्य निर्मित हुआ है। उन्होंने रामघाट पर शिप्रा की पूजा-अर्चना अभिषेक व आरती कर ध्वज का पूजन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की नदियों, जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार को समर्पित जलाभिषेक अभियान का उपस्थित जन और प्रदेशवासियों को संकल्प दिलाकर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के काम जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नदी पुनरूद्धार एवं पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। भारत में जन्म होना भाग्य है और उज्जैन व उसके आसपास जन्म लेना सौभाग्य की बात है। पुण्य-सलीला शिप्रा में 11 नदियां समाहित हैं। इसके किनारे पर 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। सभी तीर्थों में अवंतिका तीर्थ बड़ा माना जाता है। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा केवल यात्रा नहीं यह शिप्रा तट पर स्थित पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने, सहेजने, संवारने का माध्यम बनेगी। वैदिक घड़ी के माध्यम से उज्जैन का स्टेण्डर्ड समय देश-दुनिया के समय के रूप में पुनर्स्थापित होगा। डॉ. यादव ने सभी परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए परिक्रमा की सफलता के लिए बधाई दी।

**जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार का लोगों को दिलाया संकल्प**

### पुष्प वर्षा से हुआ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव संत समाज, श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में पैदल चलकर शामिल हुए। परिक्रमा करने वालों में अपार उत्साह था। तीर्थ यात्रियों के हाथों में परिक्रमा के ध्वज लहरा रहे थे। परिक्रमा मार्ग पर विभिन्न धार्मिक-सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का स्वागत किया। शिप्रा तट पर पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन सन्तगण बालयोगी उमेशनाथ महाराज (राज्यसभा सदस्य), सन्त भगवानदास महाराज, कुशलदास महाराज, महन्त हरिदास महाराज एवं अनिल गुरु महाराज का स्वागत किया। इस मौके पर सांसद अनिल फिरोजिया, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सन्तगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा रामघाट से शुरू होकर नृसिंहघाट, आनन्देश्वर मंदिर, जगदीश मंदिर, गऊघाट, जंतर-मंतर, वरूणेश्वर महादेव मंदिर (शीतल गेस्ट हाउस) से इन्दौर रोड सीएचएल अस्पताल, प्रशांतधाम मंदिर, गुरूकुल (त्रिवेणी) नवग्रह शनि मंदिर पहुंचेगी। यहां दोपहर का भोजन व विश्राम होगा। इसके बाद यात्रा गोठडा, सिंकदरी, से गुरूनानक घाट होते हुए दत्त अखाडा पहुंचेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में इंडियन कॉफी हाउस का शुभारंभ किया

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार 15 जून को उज्जैन में पुलिस कंट्रोल रूम के समीप लगभग ढाई हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में बनाए गए इंडियन कॉफी हाउस रेस्टोरेंट का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित करने के बाद वहां पर बैठकर स्वल्पाहार किया और भोजन के गुणवत्ता की सराहना की। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इस इंडियन कॉफी हाउस में पुलिस विभाग के लिए विशेष 30 प्रतिशत का डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। शुभारंभ के बाद आमजन के लिए यह शुरू हो जाएगा। इंडियन कॉफी हाउस की पहली शाखा प्रदेश के जबलपुर में शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की जनता एवं पुलिस प्रशासन कि सुविधा के लिए इंडियन कॉफी हाउस प्रारंभ हुआ है। इसके माध्यम से सभी को उच्च गुणवत्ता वाला भोजन मिलेगा। शुभारंभ के दौरान सांसद संत उमेश नाथ महाराज, विधायक महेंद्र कालूखेड़ा, संभागायुक्त संजय गुप्ता, आईजी संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**8 शहरों को जोड़ चुकी है यह सेवा**

## उज्जैन से इंदौर पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का सीएम ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन से इंदौर के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री भोपाल से जबलपुर, रीवा, सिंगरौली तथा ग्वालियर से खजुराहो आदि स्थानों के लिए इस सेवा का शुभारंभ कर चुके हैं। उज्जैन-इंदौर सेवा शुरू हो जाने से पर्यटकों को इंदौर से उज्जैन आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी। अभी सड़क मार्ग से आने-जाने में काफी वक्त लगता है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा में प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने ग्वालियर से खजुराहो के लिए इस सेवा का शुभारंभ किया है। उधर, पर्यटन विभाग के अनुसार इच्छुक पर्यटक www.flyola.in पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### इंदौर से उज्जैन आने-जाने में काफी सहूलियत होगी



पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाईओला) के जरिए किया जा रहा है। वायु सेवा की बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किए गए हैं।

**सोशल मीडिया में जंगली हाथियों के दल का वीडियो वायरल**

# नदी किनारे दिखा जंगली हाथियों का दल, एक दर्जन से अधिक गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों जंगली हाथियों की बढ़ती हुई संख्या से एक दर्जन से अधिक गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। शनिवार की शाम सोशल मीडिया में जंगली हाथियों के दल का एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसे देखकर ग्रामीणों का डरना लाजमी है। शनिवार की शाम धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम एड़ूकला में जंगली हाथियों का एक दल कुरकुट नदी के किनारे विचरण करते देखा गया है। क्षेत्र में जंगली हाथियों के बड़े दल का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

### 50 से अधिक हाथी कर रहे विचरण



गांव के ग्रामीणों ने बताया कि छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले एडूकला गांव में बीते 10 दिनों से अधिक समय से 50 से अधिक जंगली हाथियों का दल क्षेत्र के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। जिससे शाम होते ही गांव में लोग अपने घरों से निकलने में डरने लगे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम एडूकला में हाथियों ने दल ने बीती रात शासकीय उचित मूल्य की दुकान में दस्तक देते चैनल गेट को तोड़ते हुए करीब 10 बोरी चावल का चट कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करने में जुट गई है।

**पुलिस ने किया हत्या के मामले का खुलासा**

## प्यार में रुकावट बन रहा था पति पत्नी ने प्रेमी के साथ कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर की पुरानी बस्ती पुलिस ने महादेव घाट के पास खारुन नदी में 10 जून को मिले मृत युवक की मौत का खुलासा किया है। सायबर सेल और पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज और मृतक के करीबियों के मोबाइल नंबरों को खंगालने के बाद दोनों आरोपियों को दबोचा। मृतक की पत्नी ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटा दिया। उसे मौत की नींद सुली दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने तीन नग मोबाइल, एक बाइक, एक आटो वाहन भी जब्त किया किया है।

आरोपी विधाता यादव किराए पर ऑटो चलाता था। उसकी पत्नी का ऑटो मालिक से अवैध संबंध था। दोनों को मोबाइल पर बात करते हुए देख लेने पर विधाता ने पत्नी के साथ मारपीट की और ऑटो मालिक से भी लड़ाई झगड़ा की।

अमजद खान अपने नाम का एक मोबाइल फोन और एक सिम मीना यादव को दिया, जिस पर दोनों बात करते थे। मीना आरोपी प्रेमी अमजद के साथ जिंदगी बिताना चाहती थी, इसलिए वह अपने पति से को रास्ते से हटाने के लिए अमजद से कहा। आरोपी अमजद अपने ऑटो ड्राइवर अन्नू प्रजापति को मिलाकर रात में दारू पार्टी कर खुड़मुड़ा घाट पुल के ऊपर भाठागांव ले गया और लोहे की पटिया से विधाता के सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद पुल से नीचे पानी में फेंक दिए।

# दुर्गा वाहिनी की 250 से अधिक बहनों ने दंड और तलवार चलाकर किया शौर्य का प्रदर्शन

### दुर्गा वाहिनी का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण का आठ दिवसीय आयोजन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



बलरामपुर रामनुजगंज दुर्गा वाहिनी का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण एवं घोष वर्ग का आठ दिवसीय आयोजन का समापन शनिवार देर शाम को हो गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नंददास डहरिया, प्रांत दुर्गा वाहिनी शक्ति साधना प्रमुख भारती सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री मदन मोहन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा, बजरंग दल के जिला संयोजक जस्सू केसरी, दुर्गा वाहिनी की विभाग संयोजिका रश्मि के उपस्थिति में हुआ। दुर्गा वाहिनी के प्रांत शौर्य प्रशिक्षण एवं घोष वर्ग के आठ दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन दुर्गा वाहिनी के बहनों के द्वारा शौर्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें दंड चलाना तलवार चलाना घोष का प्रदर्शन किया वही अपनी बौद्धिक का भी प्रदर्शन प्रदर्शन किया। जिसकी खूब सराहना हुई जिला मुख्यालय में पहली बार दुर्गा वाहिनी ऐसा आयोजन हुआ। वहीं अतिथियों के द्वारा दुर्गा वाहिनी के कार्य एवं इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### पथ संचलन का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

जिला मुख्यालय में दुर्गा वाहिनी के बहनों का अस्त्र-शस्त्र, बाजे गाजे एवं भगवा ध्वज के साथ सैकड़ो दुर्गा वाहिनी के बहनों का पथ संचलन नगर के प्रमुख चौक चौराहे से होकर गुजरा इस दौरान पुष्प वर्षा से नगर वासियों के द्वारा पथ संचलन का स्वागत किया गया।

**विष्णुदेव बोले- व्यर्थ नहीं जाएगी जवानों की शहादत**

# सीएम साय और गृहमंत्री शर्मा ने वीरगति प्राप्त जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, दिया कांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बीते दिनों नारायणपुर के ओरछा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त जवान आरक्षक नितेश एक्का के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। राजधानी रायपुर के माना स्थित चौथी बटालियन पहुंचकर जवान के पार्थिव शरीर को कांधा दिया। सीएम ने मीडिया से चर्चा में कहा कि यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। हम नक्सलियों का खात्मा होने तक चुप नहीं बैठेंगे।

नारायणपुर के ओरछा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए जशपुर की माटी के लाल आरक्षक नितेश एक्का वीरगति को प्राप्त हो गये थे। जिनका के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी और पार्थिव शरीर को कांधा दिया। इसके बाद सीएम ने राजधानी रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल पहुंचकर नारायणपुर में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान घायल हुए जवानों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

सीएम ने मीडिया से चर्चा में कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। हम नक्सलियों का खात्मा होने तक चुप नहीं बैठेंगे। इसके बाद सीएम लगातार दो ट्वीट कर लिखा कि नारायणपुर जिले के ओरछा थाना अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों और नक्सलियों में हुई मुठभेड़ में जशपुर के ग्राम चराईडांड़ के लाल जवान नितेश एक्का की शहादत की सूचना प्राप्त हुई है। जशपुर के लाल की शहादत अपने कर्तव्यों को निभाते हुए हुई है। दूसरे ट्वीट में सीएम ने लिखा कि रायपुर के माना कैंप पहुंचकर नारायणपुर के ओरछा में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए जशपुर की माटी के लाल शहीद आरक्षक नितेश एक्का जी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी और पार्थिव शरीर को कांधा दिया। यह शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, हम नक्सलियों का खात्मा होने तक चुप नहीं बैठेंगे।





### जवानों ने तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**सुकमा।** सुकमा में नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बार फिर से पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कोंड़ासांवली के जंगलों से सर्चिंग के दौरान जवानों ने घेराबंदी कर तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। मामले की पुष्टि सुकमा एसपी किरण चौहान ने की है। बता दें की सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान तेज किए गए हैं और लगातार जंगलों में जवानों के द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है। जगरगुंडा थाना क्षेत्र से डीआरजी के जवान कोंडासांवली के जंगलों में सर्चिंग पर निकले हुए थे इसी दौरान जवानों को आता देखकर छुपाने और भागने की कोशिश कर रहे तीन संदिग्ध लोगों को जवानों ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों संदिग्धों की पहचान नक्सली संगठन के आरपीसी मलेशिया सदस्य के रूप में हुई। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के पास से विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि नक्सली जवानों को निशाना बनाने विस्फोटक लगाने की तैयारी में थे। मिली जानकारी के अनुसार तीनों नक्सली लंबे समय से नक्सली संगठन में रहकर कई घटनाओं में शामिल रह चुके हैं।

### तेज आंधी-तूफान से गिरी दीवार, मलबे में दबकर मजदूर की मौत

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा थाना क्षेत्र के झेरिया गांव में मकान बनाने के दौरान तेज आंधी-तूफान आने से दीवार गिर गई। इस दौरान मजदूर शत्रुघ्न सिंह (42) की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी अनुसार, अकलतरा थाना क्षेत्र के झेरिया गांव निवासी शरद सिंह का घर बनाने का काम चल रहा था। इस बीच शाम को तेज आंधी-तूफान आने से एक तरफ की दीवार गिर गई। दीवार के नीचे शत्रुघ्न सिंह दबा गया, उसके साथ काम कर रहे अन्य साथियों ने देखा और गिरी हुई दीवार के मलबे को किसी तरह से हटाया। घायल शत्रुघ्न सिंह को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित किया। शत्रुघ्न सिंह की दीवार में दबने से मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर रात होने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।



**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बोले-**

# नक्सली मुठभेड़ में मारे जा रहे बेकसूर आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला पेंड्रा मरवाही

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री आज अपने निजी प्रवास में तीर्थ पर्यटन की नगरी अमरकंटक और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले पहुंचे। जहां पर वे पूर्व न्यायाधीश और कांग्रेस नेता के घर पहुंचकर उनकी माँ को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्थानीय पत्रकारों से कई मुद्दों पर चर्चा भी की।

दरअसल भूपेश बघेल कल अमरकंटक पहुंचे थे लेकिन कल अम्बिकापुर में सिंहदेव जिनके घर गमी हो गई जिसके बाद वे सीधे अमरकंटक से अम्बिकापुर निकल गए थे और कल शाम वे अमरकंटक पहुचकर पूजा अर्चना के बाद आज पेण्ड्रा पहुंचे जहां पर वे पेण्ड्रा में कांग्रेस नेता प्रमोद परस्ते के निवास पहुंचकर उनकी माँ के निधन के बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात की।

स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बलौदा बाजार की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदा बाजार में षड्यंत्र हुआ है पूरी घटना के दौरान प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं थी, स्थिति बेकाबू हो गई अब बहुत सारे ऐसे लोग भी पकड़े जा रहे हैं जिनका कोई अपराध नहीं है। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवानों को सफलता मिल रही है जिस पर मैं उन्हें बधाई देता हूँ पर मुठभेड़ में बेकसूर आदिवासी ग्रामीण मारे जा रहे हैं।

## अभियान के समापन अवसर पर जल संरचनाओं के पुनर्जीवन व संरक्षण पर दिया जोर

# जल गंगा अभियानः ग्रामीण क्षेत्र में 363 कार्य हुए पूर्ण

**जबलपुर। जल स्त्रोतों को अविरल बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में स्थित नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन का कार्य 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 16 जून तक जल गंगा अभियान अंतर्गत उत्साोह से किया गया। जिसमें जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, तालाब एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवन व संरक्षण का कार्य स्थानीय, सामाजिक, अशासकीय संस्थाओं एवं जनभागीदारी के माध्यम से किया गया। साथ ही जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नाले-नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित करने की कार्ययोजना पर ध्यान दिया गया।**




इसमें मुख्य रूप से जल संरक्षण के उन्नयन कार्य में कैचमेन्ट के अतिक्रमण को हटाना, कैचमेन्ट के उपचार जैसे- नाले-नालियों की सफाई अथवा इनका डायवर्सन, सिल्ट ट्रैप, वृक्षारोपण, स्टार्म वाटर ड्रेनेज मैनेजमेन्ट इत्यादि, बंड विस्तार, वेस्ट वियर सुधार अथवा निर्माण, जल भराव क्षेत्र में जमा मिट्टी अथवा गाद को निकालना, पिचिंग-घाट निर्माण, इत्यादि की दिशा में भी प्रभावी कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में अभियान अंतर्गत 700 से ज्यीादा कार्य प्रारंभ किये गये। जिसमें 363 कार्य पूर्ण किये गये। जिससे 1 लाख 28 हजार क्यू0विक मीटर पानी का संरक्षण किया जा सकेगा। अभियान अंतर्गत 88 हजार 300 क्यूबिक मीटर गाद निकाला गया। जिसे आस पास के किसानों ने अपने खेत को उपजाऊ बनाने के लिये इस्तेअमाल किया। वहीं कुछ गाद को जल स्त्रोलतों की मेड़ो में रखा गया। जिसमें मानसून सत्र के दौरान सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी पहल की जायेगी।

जल गंगा अभियान के समापन अवसर पर सरस्ववती घाट, भेड़ाघाट में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये क्षेत्रीय विधायक श्री नीरज सिंह ने कहा कि भविष्या को दृष्टिगत रखते हुये जल संरचनाओं के पुनर्जीवन व संरक्षण आवश्ययक है। उन्होंनने जल की महत्व्को बताते हुये कहा कि जल है तो जीवन है, जल है तो कल है। अतः जल के संरक्षण के लिये सभी को सामूहिक प्रयास करने की आवश्ययकता है। उन्हों ने कहा कि पीडब्यू, डीं मंत्री श्री राकेश सिंह के प्रयास से जिस प्रकार राधा कृष्णय बावडी को सुंदर जल मंदिर के रूप में विकसित किया गया है ऐसे ही सभी जल संरचनाओं का विकास होना चाहिये। इसके लिये उन्हौंने सभी से आग्रह किया है कि वे श्रम दान कर जल संरचनाओं को समृद्ध और सृदृढ बनायें। उन्हों ने कहा कि जल के संवर्धन व संरक्षण एक सतत प्रक्रिया है। जिसमें सभी की सक्रिय सहभागिता हो और अपने आस-पास जो भी स्थान् उपलब्ध् हो, वहां पौधारोपण करें और पर्यावरण को प्रदूषति होने से बचायें। जिला पंचायत की मुख्यन कार्यपालन अधिकारी ने जल संरक्षण के लिये जिले में किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी।उन्हों ने कहा कि जल संरक्षण के लिये डिवाट स्ट्रक्चर निर्मित कराया गया है इसका उपयोग कई घरों के उपयोग में किए गए अनुपयोगी पानी को पाईप लाईन नाली के माध्यम से डिवाटस स्ट्रक्चर में ले जाकर सात खंडो से फिल्टर करते हुए अनुपयोगी पानी को विभिन्न प्रकार से उपयोग किया जा सकेगा। बघराजी में लैगून सिस्टेम से जल संरक्षण की दिशा में किये गये कार्यो की जानकारी देते हुये कहा कि इससे वहां उपलब्ध पानी कामवेशियों, खेतों मे सिचाई वृक्षारोपण, स्नान, मछली पालन व अनेक प्रकार में उपयोग किया जा सकेगा। कार्यक्रम में अभियान अंतर्गत उत्कृषष्टे कार्य करने वाले लोगों को सम्माकनित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आशाा मुकेश गोंटियासहितस्थारनीय जन प्रतिनिधि,अधिकारी,जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थायें और स्थानीय लोग उपस्थित थे।



## पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना में अमरकंटक को भी शामिल करने की मांग

**जबलपुर**। दुनियाभर के श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र उज्जैन के बाबा महाकाल और खंडवा के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए अब हेलिकॉप्टर सेवा 16 जून से शुरू हो चुकी है। शुरूआती दौर में ये हेलीकॉप्टर सेवा इंदौर, उज्जैन और खंडवा के लिए ही है जिसे भविष्य में और बढ़ाया जा सकता है। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का पहला विमान उज्जैन और भोपाल के लिए रविवार से देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से रवाना हुआ। ज्ञात हो कि टूरिज्म को लेकर मध्य प्रदेश सरकार ने 13 जून को पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का फ्लैग ऑफ किया था। इसके साथ ही उन्होंने एयरपोर्ट पर नए बुकिंग काउंटर का शुभारंभ भी किया। इस योजना में बताया गया कि दो विमान 8 शहरों को जोड़ेंगे। इन शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो शामिल हैं। इससे मध्य प्रदेश के पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर सीएम डॉ। यादव के साथ कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना मे अमरकंटक शामिल नही होने से यहां के लोगों मे रोष है। जिलेवासियों का कहना है कि दुनिया भर के आस्था का केन्द्र मां नर्मदा नदी का उद्गम स्थल व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अमरकंटक को भी पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा योजना मे शामिल किया जाये। अमरकंटक लोगों की धार्मिक आध्यात्मिक व पर्यटक तीनों के मिश्रण के लिए जाना जाता है। अमरकंटक के लिए पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा प्रारंभ करने मे सरकार को हेलीपैड बनाने मे अतिरिक्त खर्च भी नही करना पडेगा, चूंकि आईजीएनटीयू व पोडकी मे पहले से ही शासन का हेलीपैड बने हुये हैं।

## समाज के कल्याण के लिए किया महामृत्यंजय जप यज्ञ

**जबलपुर**। सवा लाख होमात्मक महामृत्यंजय जप यज्ञ का आयोजन हुआ। यह जप यज्ञ धर्म जागरण व समाज के कल्याण के लिए किया गया। जिसमें गंगा दहशरा के दिन शिव शक्ति धाम सरस्वती घाट भेड़ाघाट में लक्ष्मीनंद सरस्वती माता जी द्वारा किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने लाभ अर्जित किया। इस दौरान साधु, संत, महात्माओं ने हिस्सा लिया।इस संबंध में महंत लक्ष्मीनंद सरस्वती ने बताया कि सवा लाख होमात्मक महामृत्यंजय जप यज्ञ का आयोजन अपने आप में एक अनोखा आयोजन है, जिससे संपूर्ण समाज का कल्याण होगा ही और साथ में इस पुण्य लाभ सभी को मिलेगा। यह तीन दिवसीय आयोजन था, जिसका समापन गंगा दशहरा के दिन महामत्युंजय दशांश जप, हवन, पूर्णाहुति, संत समागम, विशाला शोभायात्रा और प्रभु इच्छा तक भण्डारे का आयोजन हुआ। आयोजन नरसिंहदास महाराज, बरगी विधायक नीरज सिंह, रामकुमार यादव, अशोक धवई, विरेन्द्र सिंह, ईश्वर सिंह, सुभाष व्यास, श्रीकृष्ण राजा, आशीष धवई, राजू यादव, आशीष यादव, सुधा राम सिंह, डॉ योगेन्द्र सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## जैन महिला परिषद ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर**। अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद सुंदरी संभाग शिव नगर शाखा द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हर्षा रेड्डी डॉ लक्ष्मी मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका जैन आहार विशेषज्ञ द्वारा शिविर में निशुल्क अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में विशेष उपस्थिति शिवनगर पार्श्वनाथ मंदिर कमेटी संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन शाखा अध्यक्ष श्रीमती शालिनी जैन शाखा सचिव श्रीमती रानी जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता जैन एवं प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमती ममता जैन श्रीमती सरिता जैन अमिता जैन तारा जैन की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।


## निर्मलचंद्र जैन स्मृति इनडोर गेम्स टूर्नामेन्ट का शुभारंभ

**जबलपुर**। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर द्वारा आयोजित स्व.निर्मलचंद्र जैन स्मृति इनडोर गेम्स टूर्नामेन्ट का उद्घाटन राईट टाउन स्टेडियम के हाल में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एडवोकेट राकेश जैन, पार्षद अमरीश मिश्रा, राजेश जैन, राजेश नायक, इनडोर गेम्स चेयरमैन संजय चौधरी,ग्रुप अध्यक्ष मनोज जैन,सचिव राविज जैन, कोषाध्यक्ष अरविंद जैन, गेम्स सहित ग्रुप के पदाधिकारियों ने आकाश में गुब्बारे उड़ाकर और आदिनाथ भगवान के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवल कर किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने ग्रुप के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर ग्रुप सदस्य सुधीर, प्रफुल्ल, पंकज, पराग, नीलेश, सुरेंद्र,प्रवीण सिंघई, प्रदीप बेटिया, विनय परवार, शांत जैन, शरद सोनू, अजीत नायक, विनोद, प्रफुल्ल, वैभव सिंघई, राकेश संजीवनी, संतोष लहरी, सुनील जैन, श्रेयांस जैन, राजा टार्जन, सनत जैन का योगदान रहा।

## नई पेंशन स्कीम कर्मचारियों के लिये नुकसानदेह

# प्रदेश में कर्मचारियों की नवीन पेंशन प्रणाली बंद कर पुरानी व्यवस्था लागू करें

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने 01 जनवरी 2004 से एनपीएस को लागू किया जिसे नई पेंशन प्रणाली भी कहा गया। इसमें 01 जनवरी 2004 के बाद सेवाओं में शामिल होने वाले कर्मचारियों को इस नवीन पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया। मध्यप्रदेश में 01 जनवरी 2005 से नवीन पेंशन योजना लागू कर दी गई है, एनपीएस एक प्रकार से सह भागीदारी वाली योजना है जिसमें कर्मचारी के वेतन से 10 प्रतिशत राशि तथा सरकार द्वारा कर्मचारी की नियुक्ति दिनांक से प्रत्येक माह वेतन का 14 प्रतिशत राशि एन.पी.एस. खातें में बतौर




पेंशन फंड जमा कर दिया जाता है, सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन राशि का एक हिस्सा एकमुश्त निकालने की छूट है, शेष पेंशन फंड से एन्युटी प्लान खरीद सकते हैं। एन्युटी एक तरह का इंश्योरेंस प्रोडक्ट है इसमें एकमुश्त निवेश किया जाता है, इसे मंथली क्वाटरली या सालाना विड्रॉल किया जा सकता है। कर्मचारी की मृत्यु होने तक उसे नियमित आमदनी मिलती है। मृत्यु के बाद पूरा पैसा नामिनी को मिलता है। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को बहुत कम फायदे मिलते हैं। उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी जो पैसा उन्हें मिलेगा उस पर टैक्स भी देना पड़ेगा। साथ ही जिन कर्मचारियों की बहुत कम सेवा है या मृत्यु हो चुकी है उन्हें फैमिली पेंशन कम प्राप्त होती है जिससे उसका जीवन निर्वहन करना तक मुश्किल हो जाता है बुढ़ापे में उसे दर दर की ठोकर खाने में मजबूर होना पड़ता है। अतः मुख्यमंत्री से निवेदन है कि प्रदेश में अन्य राज्यों की भांति पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू की जाये। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, रऊफ खान, राम प्रसाद दुबे, गुडविन चार्ल्स, निलेश खरे, फिलिप अन्थोनी, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, आशीष कोरी, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने मुख्यमंत्री से पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने की मांग की है।

## 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की तैयारियों की सीएमएचओ ने की समीक्षा

**जबलपुर।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम 23 से 25 जून 2024 तक चलेगा।इसके अंतर्गत समस्त 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। आज रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जिला टीकाकरण शाखा एवं जिला वैक्सीन स्टोर पहुंचकर निरीक्षण किया एवं चल रही तैयारियों का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ मिश्रा ने जिला वैक्सीन स्टोर में कोल्ड चैन उपकरणों एवं उपलब्ध लॉजिस्टिक्स का निरीक्षण किया और इसके उपरांत संबंधित कर्मचारियों की बैठक लेकर फ्रीजिंग प्लान, एव्हीडी रूट चार्ट, कार्ययोजना में



ईंट-भट्टे,निर्माण स्थल, वन ग्राम और पहुंच विहीन ग्रामों के लिए विशेष का योजना,आईसी प्लान, सुपरवाइजर प्लान, लॉजिस्टिक एवं वैक्सीन की उपलब्धता तथा आवश्यकता की समीक्षा कर सभी को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बूथ टीम,ट्रांजिट टीम एवं मोबाइल टीम के गठन पर चर्चा हुई और सभी टीम को समय पर पहुंचकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए साथ ही उन्हों ने कहा कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पांडे, जिला वैक्सीन स्टोर इंचार्ज राजेंद्र तिवारी, व्हीसीसीएम विकास शर्मा, कोल्ड चेन टेक्नीशियन विक्रम कोरी, विकास श्रीवास्तव, महेंद्र चौधरी और सुनील शुक्ला उपस्थित रहे।

# पर्याप्त नमी होने पर ही करें खरीफ की बोनी

**जबलपुर।**

**किसानों को कृषि विभाग ने दी सलाह**

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने मौसम में पर्याप्त नमी होने पर ही खरीफ फसलों की बोनी करने की सलाह जिले के किसानों को दी है । विभाग के मुताबिक जून माह के दूसरे सप्ताह से लेकर जुलाई माह के पहले सप्ताह तक का समय खरीफ फसल की बोनी के लिये उपयुक्त माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद किसानों को मानसून के आने के बाद कम से कम 4 से 5 इंच वर्षा होने पर ही खरीफ फसलों को बोनी करना चाहिये। उपसंचालक कृषि रवि आम्रवंशी ने बताया कि वर्तमान समय में मौसम सूखा होने के कारण जमीन का तापमान अत्यंत गरम है। यदि ऐसे मौसम में बोनी की जाती है तो बीज खराब होने की संभावना अधिक हो जायेगी और बीज का अंकुरण भी कम होगा। उन्होंने बताया कि किसानों को भूमि के अनुसार फसल का चयन कर 6 इंच तक नमी होने पर ही फसल की बोनी करना चाहिये। साथ ही बोनी करने से पहले फफूंदनाशक एवं कीटनाशक दवाओं एवं नैनो डीएपी से बीजों का उपचार भी करना चाहिये। उपसंचालक कृषि ने किसानों को अपने जलवायु क्षेत्र के लिए अनुकूल विभिन्न समयावधि में पकने वाली कम से कम 2 से 3 अधिसूचित किस्म के बीजों का चयन करने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि धान एवं मक्का के बाद हरे मटर की बोनी करने वाले किसानों को धान और मक्का की शीघ्र पकने वाली किस्म का चयन करना चाहिये । इसी प्रकार वर्ष में केवल दो फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों को मध्यम अधिक परिपक्व अवधि वाली किस्म का चयन करना चाहिये। श्री आम्रवंशी ने किसानों को बीज की खरीदी शासकीय संस्थाओं अथवा पंजीकृत कृषि आदान विक्रेता से करने की सलाह भी दी है । उन्होंने कहा कि किसानों को बीज खरीदी का पक्का बिल भी अवश्य रूप से लेना चाहिये । कृषि विभाग की समस्त योजनाओं की एम पी किसान पोर्टल एवं एम पी किसान ऐप के माध्यम से प्राप्त करने अपना पंजीयन कराने की अपील भी उपसंचालक कृषि ने किसानों से की है।

## थैलेसीमिया बच्चों के लिये लगा रक्तदान शिविर

**जबलपुर**। मुक्ति रक्तदान सेवा, सर्व ब्राह्मण समाज, अखिल भारतीय एकीकृत परिषद के सहयोग से रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन शासकीय सिविल अस्पताल रांझी की आयोजित हुआ। संयुक्त स्वास्थ्य संचालक डॉ संजय मिश्रा, डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी, डॉ संजय छतानी डॉ आशुतोष भल्ला एवं टीम विक्टोरिया का सहयोग रहा। थैलेसीमिया जन जागरण अभियान के तहत डॉ विवेक जैन ने थैलेसीमिया के बारे में जानकारी दी एवं उपस्थित लोगों ने थैलेसीमिया मुक्त भारत मुक्त मध्य प्रदेश बनाने में शपथ ली। मुक्ति रक्तदान सेवा के माध्यम से 98 वां शिविर था, जो थैलेसीमिया एवं सिकल सेल बच्चों के प्रति रक्तदान को लेकर संकल्पित है। मुक्ति रक्तदान सेवा के अध्यक्ष नीलू जैन, कविता श्रीवास्तव, डॉ सचिन बुधौलिया, श्वेता पांडे, रूपाली खरे, प्रीति मिश्रा राजेंद्र खरे, डॉशबनम साकेत उपस्थित थे। आयोजन में सर्व ब्राह्मण महासभा,प्रदेश अध्यक्ष जगदीश दुबे जी,अनुपम पांडे, मिथिलेश पांडे संजय दुबे, अखिल भारतीय एकीकृत महिला परिषद से यामिनी शुक्ला, ममता प्यासी अर्चना तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



## भ्रमण का लुफ्त उठाकर खुश हुए बच्चे

# विजेता बच्चों को डुमना और खंदारी बांध घुमाने ले गए महापौर

**जबलपुर।**

मित्र संघ संस्था द्वारा नगर निगम के मुख्य सहयोग से विगत चार वर्षो से वृहद स्तर पर शहर विकास के विषयों पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। विगत वर्ष के विजेता बच्चों उनके अभिभावकों, शिक्षकों को महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कार्यक्रम के दौरान अपने किए वादे के अनुरूप डुमना नेचर पार्क में शानदार पार्टी देकर उनका उत्साह वर्धन किया। तकरीबन 50 से 60 बच्चों का दल बस के द्वारा डुमना नेचर पार्क में भ्रमण करने के लिए पहुंचा। यहां महापौर श्री अन्नू ने बच्चों के पूरे दल को इस नेचर पार्क की खासियत और खूबियों के बारे में जानकारी दी। महापौर ने बताया कि डुमना नेचर पार्क एशिया का सबसे बड़ा शहरी वन क्षेत्र है। उसके बाद खंदारी जलाशय का भ्रमण करवा कर उसके बारे में भी महापौर ने विस्तृत जानकारी दी।



### होटल में कराया रात्रि भोज

डुमना नेचर पार्क की जंगल सफारी के दौरान दल के सदस्यों ने मोर , हिरण, जंगली मुर्गी, खरगोश एवं आकर्षक चिड़िया देखीं और प्राकृतिक खूबसूरती का आनंद उठाया। पूर्व में भी विजयी हुए बच्चों को महापौर द्वारा होटल विजन महल में रात्रि भोज पर ले जाया गया था। इस बार भी महापौर श्री अन्नू ने दल में शामिल सभी सदस्यों को लजीज व्यंजन के साथ भ्रमण का लुफ्त उठाने का अवसर दिया। बहुत से बच्चे और अभिभावक ऐसे थे जिन्होंने डुमना नेचर पार्क और खंदारी जलाशय पहली बार देखा और यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर वह बहुत प्रसन्न हुए। इस आयोजन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू,अतिथि के रूप में उपस्थित उद्योगपति अजीत समदड़िया, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, शंकर मंछानी, मित्र संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर, संयोजक परितोष वर्मा, मेगामाइंड्स के महेश झरिया विजेंद्र मेवारी,वीरेंद्र यादव आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

# महिला बंदियों द्वारा कलश यात्रा जेल बैंड के साथ निकाली

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्य

**जबलपुर। जल स्त्रोंतो के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए शासन आदेष के परिपालन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में कार्यक्रम का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में जेल अधीक्षक श्री अखिलेष तोमर के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोंतो के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए शासन आदेश के परिपालन में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम में जेल स्थित तालाब की सफाई अधिकारी/कर्मचारी एवं बंदियों द्वारा की गई तथा चित्रकला के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाई गई साथ ही महिला बंदियों द्वारा कलश यात्रा जेल बैंड के साथ निकाली गई। कलश यात्रा का समापन जेल स्थित शिवमंदिर में शिवजी का जलाभिषेक कर किया गया, जिसमें अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की गई एवं बारिश का जल बचाने व जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त गतिविधियों का संयोजन एवं संचालन कल्याण अधिकारी श्रीमति सरिता घारू द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री अखिलेष तोमर, उप जेल अधीक्षक श्री मदन कमलेष, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमति अंजू मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक श्री हिमांशु तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर, समस्त अधिकारी/कर्मचारी सहित महिला एवं पुरूष बंदियों की उपस्थिति रही




# रंगभूमि इनामी ओपन शतरंज प्रतियोगिता होगी 22-23 जून को

**जबलपुर।** रंगभूमि इनामी ओपन शतरंज प्रतियोगिता 22-23 जून 2024 को फाउंडेशन चेस अकादमी और कोन्तेया वेंचर द्वारा 22 एवं 23 जून को राइट टाउन स्टेडियम में प्रथम ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1,11,111 रुपए है, प्रथम पुरस्कार रुपये 20,000/- द्वितीय पुरस्कार 15,000/- रुपए तृतीय पुरस्कार 10,000/- रखा गया है, प्रतियोगिता में आकर्षक ट्रॉफी एवं 100 से अधिक पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक प्रतिभागी उत्कर्ष अग्रवाल से 91113 79094 और राइट टाउन स्टेडियम 91318 52843 में 19 जून तक सुबह 7: 00 से शाम 7:00 बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं, प्रतियोगिता का आयोजन जिला अध्यक्ष भाजपा खेल प्रकोष्ठ आशुतोष मिश्रा इंटरनेशनल चेस ट्रेनर उत्कर्ष अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंडमास्टर के अलावा देश भर के विभिन्न खिलाड़ी शिरकत करेंगे, प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक महाराष्ट्र के इंटरनेशनल आर्बिटरी पवन राठी होंगे।

## ग्रुप कमांडर ने कैडिटों को दिए सफलता के मूलमंत्र

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आर्म्ड स्क्वाडन एनसीसी जबलपुर के अंतर्गत शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल नुनसर का निरीक्षण 14 जून को ब्रिगेडियर अनूप गजानन बरबरे, ग्रुप कमांडर द्वारा किया गया। उन्होंने कैडिटों को व्यक्तित्व एवं सामाजिक जीवन में रहकर देश व समाजसेवा कैसे करना है, के संदर्भ में जानकारी प्रदान की। सभी कैडिटों का उत्साह देखकर कमांडर ने सभी कैडिटों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। कमान अधिकारी मेजर अनिल कुमार यादव ने कैडिटों का मार्गदर्शन करते हुए कैडिटों से कहा कि आपने एनसीसी ज्वाइन करने का एक अच्छा निर्णय लिया है। उन्होंने सभी को अपना एक उद्देश्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्राचार्य रश्मि उपाध्याय, एनसीसी अधिकारी मनोज पटेल एवं वन मप्र आर्म्ड स्क्वाडन एनसीसी जबलपुर की टीम उपस्थित थी।

## हास्य योग, हस्तलेख विश्लेषण का विशेष सत्र संपन्न

**जबलपुर।** कटंगा योग समिति के तत्वावधान में 13 जून को हास्य योग के विशेष सत्र समिति संचालिका एवं वरिष्ठ योग शिक्षिका डॉ. ज्योति सिंघई द्वारा आयोजित कराया गया। इस सत्र में भूपेश सिंह धुंडेले, विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभागियों को हास्य योग अभ्यास करने की तकनीक एवं इससे होने वाले विशिष्ट शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। श्री धुंडेले द्वारा बताया गया कि हास्य योग से मस्तिष्क में डोपामिन व अन्य लाभकारी रसायन निर्मित होते हैं जो कि शरीर पर अनुकूल प्रभाव डालते हैं एवं नियमित अभ्यास से अनेक मानसिक शारीरिक व्याधियों जहां तक कैंसर जैसी दुरुह बीमारियों में लाभ हो सकता है। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों के हस्ताक्षर एवं हस्तलेख का



विश्लेषण कर उनके व्यक्तित्व एवं हस्तलेख को परिवर्तित कर आत्मविश्वास एवं सफलता प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी। इस विशेष सत्र में रविन्द्र आनंद, डॉ. इन्दु पांडे, मालती वर्मा, साधना चोपड़ा, डीपी खरे, मुल्तानी सहित 20 से अधिक प्रतिभागियों ने लाभ अर्जित किया। अंत में योग प्रशिक्षक सुधीर कुमार सिंघई ने श्री धुंडेले एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## अभा ब्राह्मण परिषद् ने प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जिला जबलपुर मध्य प्रदेश में जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं एवं समाज की प्रतिष्ठित तथा प्रतिभाशाली हस्तियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान श्री परशुराम के समक्ष, श्रीमती कीर्ति अभिलाष पांडे, भगवती भरद्वाज, मानस मंजरी, डॉ. रीता दुबे, पं. अवधेश उरमलिया ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को, उनके माता-पिता के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर मंच से सम्मानित किया गया। इस अवसर राष्ट्रीय महासचिव पं. अवधेश उरमलिया ने मुख्य अतिथि के रूप में विप्र परिवारों को परिषद् का व्यापक परिचय देते हुए परिवारों में व्याप्त सामाजिक बुराइयों, कमियों को दूर करने सभी का आव्हान किया। अतिथियों ने अपने- अपने उद्बोधन में




संगठित रहकर सामाजिक उत्थान पर जोर देते हुए व्यापार, रोजगार, शिक्षा में सहयोग हेतु एक दूसरे का सहायक बनने पर जोर दिया। क्षेत्रिय पार्षद डॉ. सुभाष तिवारी, प्रदेश महासचिव डॉ. विजयकांत तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री पं. संजय सरैया, सोनल तिवारी, महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारियों में संभागीय महासचिव कंचन तिवारी, जिला संयोजक रीना दीक्षित, कोषाध्यक्ष गीता अवस्थी, जिला महासचिव रंजना तिवारी, जिला सचिव पूनम तिवारी, वार्ड संयोजक सविता रेनू उपाध्याय, तहसील संयोजक आशा झा, वार्ड संयोजक रेखा तिवारी, जिला सचिव कल्पना शुक्ला, वार्ड संयोजक निशा तिवारी, जिला महामंत्री मनीषा पाराशर, वार्ड संयोजक कंचन द्विवेदी, संभागीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ पं. नीरज पांडे, पं. अमित दुबे, जेपी दुबे, जिला संयोजक पं. श्याम सुंदर चौबे, पं. शक्ति शुक्ला, पं रत्नेश पांडे, पं. क्षत्रपाल शुक्ला आदि अतिथियों ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पांच विप्र महिला एवं पुरुषों को सम्मानित किया। इस अवसर लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित छात्र शुभम ओझा का मंच के माध्यम से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव डॉ. विजयकांत तिवारी के राज्य मुख्यालय द्वारा जिला चीफ कमिश्नर बनाए जाने पर समाजसेवी पं. भगवती भरद्वाज द्वारा सम्मानित किया गया। मंच संचालन आभार प्रदर्शन सोनल तिवारी ने किया। इस अवसर पर लगभग 200 विप्र परिवार उपस्थित थे।

# जल गंगा संवर्धन : हिरन नदी में की सफाई

**सिहोरा।** जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु नमामि गंगे अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सिहोरा म.प्र.जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्व सेवा संयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में नदियों को अविरल बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के आह्वान पर जल गंगा संवर्धन एवं संरक्षण अभियान नमामि गंगे के जन जन तक पहुंचाने के लिए गंगा दशहरा के पावन उपलक्ष्य में सिहोरा नगर की जीवन दायिनी मां रेवा की सहायक हिरन नदी के घाट पर श्रमदान कर सफाई कराई गई। नदी में स्नान कर रही माताओं-बहनों और युवाओं को चौपाल के माध्यम से जल को दूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित करते हुए साबुन शैंपू पूजन सामग्री आदि प्रवाहित न करने की अपील की गई। इस अवसर पर नगरपालिका के अधिकारी सुशील शर्मा एवं कर्मचारी द्वारका दाहिया,विजय बैगा,संतोष बैगा, गगन पटेल के द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की गयी। परिषद द्वारा शाम को होते ही सीएमओ जयश्री चौहान के आह्वान पर गंगा आरती में नगर के सभी जनमानस सहित जल समिति अध्यक्ष शारदा बर्मन,अनिल गर्ग अरुण उपाध्याय नवांकुर संख्या स्व सेवा संयोजन समिति की अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं सी एम्सी एल डी पी छात्र -छात्राएं अंजना मिश्रा चैना मिश्रा राज कुमार बैगा स्व सहायता समूह सुनीता कुशवाहा हर्षिता कुशवाहा आदि उपस्थित थे ।

### ग्राम पंचायत खलरी

जिले में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अंतर्गत नदी, नालों और, तालाब, झील,कुंआ,ऐतिहासिक जल संरचनाओं बावड़ी आदि जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य युद्धस्त र में जारी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खलरी महगवां के ग्राम वासियों एवं जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था खलरी एवं काशी ग्राम विकास समिति महगवां के सदस्यों द्वारा तालाब की साफ सफाई का कार्यक्रम रखा गया।जल संरचना की साफ-सफाई में अपनी सहभागिता करते हुए सभी के द्वारा जल स्त्रोतों को सवांरने एवं सहजने का प्रण लिया गया।इसी दौरान पुरुषों एवं महिलाओं की रामायण मंडली द्वारा तालाब के किनारे स्थित शनि मंदिर में भजन कीर्तन का मनमोहक पाठ किया गया। खलरी समिति के अध्यक्ष सुलभ मिश्रा, महगवां समिति के अध्यक्ष सनिल यादव, सचिव दुर्गेश पटेल ग्राम पंचायत खलरी सरपंच सोने सिंह, सचिव विवेक पटेल, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, छोटे लाल, गणेश पटेल, उमेश बिलौहा, रोहणी दहिया, रामप्रकाश पटेल,विनोद पटेल के साथ अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कटाव धाम मझौली घाट की सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान (जनपद स्तरीय) अन्तर्गत अध्यक्ष ज.पं.श्रीमति विद्या दिनेश चौरसिया उपाध्यक्ष,रमेश झारिया, जिलासदस्य, जनपद सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं की उपस्थिति में कटाव धाम ग्राम पंचायत रानीताल जनपद मझौली में घाट सफाई की। जन भागीदारी से घाट से गंदगी निकाल कर कुंड की सफाई का कार्य किया गया उक्त गतिविधि अध्यक्ष द्वारा स्वच्छता एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं सीईओ द्वारा अभियान के उद्देश्य उसकी क्रियान्वयन तथा स्वच्छता एवं जल संवर्धन के लाभ से लोगों को अवगत कराया गया।



## शरबत वितरण किया गया

**जबलपुर।** जबलपुर मोटर्स पार्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन यूथ क्लब द्वारा बस स्टैंड तीन पत्ती पर भीषण गर्मी को देखते हुए रूहफ़्ज़ा शरबत का वितरण किया गया जिसमें हज़ारों की संख्या में संस्कारधानीवासियों ने शरबत ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष राम अवतार शारदा, डॉ. जय रोहाणी, परमिंदर चोपड़ा, साहिल सलूजा, गगन कोहली, रमन सलूजा, वंश सलूजा, राजवीर कोहली, रमिंदर चोपड़ा, मानविंदर कोहली, रविंदर सलूज़ा, गुरूविंदर सलूजा, गुरदीप सलूजा, राजू टूटेजा एवं बड़ी संख्या में एसोसिएशन सदस्यों द्वारा सेवा प्रदान की गई।

## एड. मनीष मुखरैया भाजपा विधि प्रकोष्ठ के विस संयोजक नियुक्त

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी के दिशा निर्देश पर जबलपुर महानगर अध्यक्ष



प्रभात साहू की सहमति से भाजपा विधि प्रकोष्ठ जबलपुर के संयोजक एड. राहुल श्रीवास्तव द्वारा भाजपा विधि प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें एड. मनीष कुमार मुखरैया को पश्चिम विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया।



## मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान का विधायक ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा ठक्कर ग्राम वार्ड के अंतर्गत मुस्लिम बहुल क्षेत्र के सबसे पुराने मंडी मदार टेकरी स्थित क़ब्रिस्तान की चारों ओर 72 लाख की बाउंड्री वॉल एवं एक करोड़ 25 लाख की पानी की टंकी का पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया एवं ठक्कर ग्राम वार्ड के पार्षद पूर्व एमआईसी सदस्य गुलाम हुसैन और सभी पार्षद साथी ने निरीक्षण किया और आधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द पूरा काम किया जाए। आधिकारियों ने विधायक लखन घनघोरिया एवं पार्षद गुलाम हुसैन और सभी पार्षद साथियों को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द पूरा काम किया जाएगा।




## सिंघाई टीवीएस में न्यू आई क्यूब टू व्हीलर की हुई भव्य लॉन्चिंग

**जबलपुर।** सिंघई टीवीएस द्वारा मढ़ाताल सिविक सेंटर के पास स्थित ब्रांच में न्यू टीवीएस आई क्यूब का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सिंघाई टीवीएस के डायरेक्टर राहुल बड़कुल, हर्ष सिंघाई एवं यश सिंघाई की उपस्थिति रही। इस समारोह में 30 गड़ियों की मेघा डिलीवरी की गई और ग्राहकों के लिए विशेष छूट एवं उपहार भी प्रदान किए गए।

## रविदास वंशीय समाज का परिचय सम्मेलन आज



**जबलपुर।** रविदास वंशीय समाज द्वारा अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय-परिणय सम्मेलन एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह 17 जून दिन सोमवार को मानस भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। आयोजन में उपस्थिति का अनुरोध संजीत अहिरवार, राजेन्द्र चौधरी, आर.डी. चौधरी, दास प्रसाद अहिरवार, रोशनलाल चौधरी, सुशील राजा अहिरवार, मूलचंद मोरे, महेश प्रसाद चौधरी, कमलेश चौधरी एवं अध्यक्ष संजीत सिंह अहिरवार सामाजिकगणों ने किया है।

# कुर्बानी का पर्व ईदुज्जुहा आज




**जबलपुर।** मुस्लिम धर्मालम्बियों का प्रमुख पर्व ईदुज्जुहा (बकरीद) सोमवार को परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा । इस्लामी धर्मग्रंथो के अनुसार लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिसलाम ने अल्लाह तआला के हुकुम पर अपने प्यारे फर्जन्द हजरत इस्माइल अलैहिसलाम को कुर्बानी के वास्ते पेश किया। दरअसल ये एक इम्तिहान था जिसमे हजरत इब्राहिम अलैहिसलाम कामयाब हुए और खलीलल्लाह कहलाये। हजरत इस्माइल अलैहिसलाम के बदले एक चौपाये की कुर्बानी क़ुबूल हुई। कुर्बानी की इस महान यादगार के उपलश्य मे हर साल दुनिया भर के मुसलमान ईदुज्जुहा बकरीद के मेके पर कुर्बानी पेश कर अल्लाह के हुज़ूर मे अपनी बंदगी का सबूत पेश करते है। हजरत सूफी जियाउल हक़ कादरी बुरहानी ने अपने एक बयान मे तमाम को लोगों को ईदुज्जुहा की मुबारक बाद पेश करते हुए कहा है की क़ुर्बानी के पर्व को शालीनाता के साथ मनाये और किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुँचे इस बात का जरूर ख्याल रखे। सोशल मिडिया मे क़ुर्बानी के फोटो वीडियो नहीं डालने की गुजारिश की है।

### ईदगाह कला रानीताल

रानीताल ईदगाह मे प्रात 10.30 बजे शहजादा ए मुफ्ती ए आ़जम मध्यप्रदेश हजरत सूफी जियाउल हक कादरी बुरहानी ईद्धुज्जुहा की नमाज अदा करायेंगे । नमाजियों से वक्त से पहले पहुंचने की अपील की गई है।

### गोहलपुर मोमिन ईद गाह

मोमिन ईदगाह गोहलपुर मे प्रात 8 बजे ईद्धुज्जुहा की नमाज हा]फ़िज मुहम्मद ताहिर साहब अदा कराएंगे। वक्फ मोमिन ईद गाह के पदाधिकारीगण ने वक्त पर पहुंचने की अपील की है।

### सदर गढ़ा

ईद गाह सदर बाजार मे प्रात 9 बजे मौलाना चांद कादरी ईद्धुज्जुहा की नमाज अदा कराएंगे । गढ़ा ईदगाह मे प्रात 9:30 बजे हा]फ़िज कारी मौलाना अमीर अशरफ ईद्धुज्जुहा की नमाज अदा कराएंगे।

### शिया जामा मस्जिद

शिया जामा मस्जिद जाकिर अली फूटाताल मे ईद की नमाज सुबह 10 बजे मौलाना हैदर मेहदी अदा कराएंगे। शिया समाज के जेदी बाबा सय्यद मुजम्मिल हुसैन ने वक्त पर पहुंचने की अपील शिया बंधुओ से की है।

### आगा दरगाह

आगा चौक स्तिथ हजरत किब्ला मिर्जा आगा मोहम्मद साहब की दरगाह मे हमे प्रात 10:30 बजे मौलाना सुल्तान अहमद साहब ईद्धुज्जुहा की नमाज अदा कराएंगे।

## सीताराम नाम जप संकीर्तन समापन पर भंडारे का आयोजन

**सिहोरा।** ब्रम्हलीन संत कटाव वाले स्वामी जी के समाधी स्थल कंकाली मोहल्ला दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन श्री श्री 1008 लोढ़ा सिद्धन धाम के बालसंत जू महाराज के सांनिध्य में आयोजित किया गया जिसमें अखंड सीताराम नाम जप संकीर्तन के समापन पर हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गंगा दशहरा के पावन अवसर एंव बद्रीनाथ धाम से यात्रा करके वापस आने पर डॉक्टर अमित आशीष शुक्ला द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। ज्ञान हो की संत ब्रम्हानन्द दास महाराज भेड़ा वाले एवं 125 गुरु भाई बहिनों के साथ बद्री नाथ धाम से यात्रा करके आए और सभी के अच्छे स्वास्थ की कमाना करके भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।




**श्री शंकर लाल श्रीवास-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री शंकर लाल श्रीवास (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी दयाल शर्मा-** जय प्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री देवी दयाल शर्मा (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बुद्ध बहादुर खत्री-** राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री बुद्ध बहादुर खत्री (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ब्रजेश सिंह राजपूत-** पश्चिमी घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री रज्जन सिंह राजपूत के पुत्र श्री ब्रजेश सिंह राजपूत (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शिप्रा गोस्वामी-** मानेगांव सुभाष नगर रांझी निवासी श्री आशीष कुमार गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती शिप्रा गोस्वामी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश कुचबंधिया-** लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री हर लाल कुचबंधिया के पुत्र श्री आकाश कुचबंधिया (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता उरमलिया-** शिव शक्ति नगर महाराजपुर निवासी श्री राजकुमार उरमलिया की धर्मपत्नी श्रीमती ममता उरमलिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई कुशवाहा-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री शिवधारी प्रसाद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई कुशवाहा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र ओझा-** बोस कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री सुरेश चंद्र ओझा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केसरी चंद्र महावर-** इंदिरा मार्केट स्टेशन रोड निवासी श्री केसरी चंद्र महावर (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शंकर पासी-** मांडवा बस्ती रामपुर निवासी श्री शंकर पासी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हर्ष कटारिया-** मढ़ई व्हीकल निवासी श्री सुनील कटारिया के पुत्र श्री हर्ष कटारिया (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बुट्टी बाई-** सतना निवासी श्री बिशाली की धर्मपत्नी श्रीमती बुट्टी बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन पिल्लई-** सदर मोतीराम कम्पाउंड निवासी श्री किशन पिल्लई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में एलआईसी सबसे अधिक लाभ में

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही।

### आरबीआई ने सेंट्रल बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'ऋण और अग्रिम' तथा 'ग्राहक संरक्षण' से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

### एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की बकाया रकम चुकाई




**नई दिल्ली।** एयरटेल ने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया चुका दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। 'दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है।

### बीते सप्ताह रही सभी तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह कमजोर मांग और बेपड़ता देशी तेल-तिलहन की पेराई के बाद लागत बढ़ने के बीच कम खपत के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बिनौला तेल में आई मामूली तेजी को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

### राइट्स ने डीवीसी के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के तहत आने वाली परिवहन अवसंरचना परामर्श फर्म राइट्स लिमिटेड ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाले डीवीसी के साथ यह समझौता विभिन्न रेलवे संयंत्रों के रख रखाव और परिचालन प्रबंधन के लिए किया गया है।

### रिजर्व बैंक को मिला 2024 का जोखिम प्रबंधक पुरस्कार



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को लंदन के प्रमुख प्रकाशन 'सेंट्रल बैंकिंग' ने 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक के पुरस्कार से सम्मानित किया है। रिजर्व बैंक ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि उसे अपनी जोखिम संस्कृति और जागरूकता में सुधार के लिए सर्वश्रेष्ठ जोखिम प्रबंधक का पुरस्कार दिया गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह पुरस्कार आरबीआई की तरफ से कार्यकारी निदेशक मनोरंजन मिश्रा ने ग्रहण किया।

# करना है आईटीआर फाइल तो इन डॉक्यूमेंट्स को रखें तैयार, नहीं होगी कोई दिक्कत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई, 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। अगर आप खुद रिटर्न फाइल करना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं।

- बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं

यह पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। अगर आप पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रहे हैं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। रिटर्न फाइल करने से पहले हर टैक्सपेयर को कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स को अपने पास रखना चाहिए। इससे रिटर्न दाखिल करने में आपको किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट वर्ष 2023-24 के लिए प्रक्रिया शुरू

### फॉर्म-16 है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए फॉर्म-16 बेहद जरूरी है। हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को उसकी कंपनी यानी नियोक्ता फॉर्म-16 जारी करती है। फॉर्म-16 एंप्लायर यानी नियोक्ता द्वारा जारी किया जाता है। इसके जरिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है। फॉर्म-16 में करदाताओं की ग्रॉस इनकम के साथ-साथ, नेट इनकम और इनकम में से काटे गए टीडीएस के बारे में जानकारी दर्ज होती है।




*निवेश के प्रूफ : अगर आपने टैक्स सेविंग के लिए इनकम टैक्स की धारा 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी के तहत निवेश किया है तो आप निवेश के प्रूफ के साथ टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। छूट को क्लेम के लिए यह एक सबूत की तरह काम करता है।*

### कैपिटल गेन के दस्तावेज भी हैं जरूरी

अगर आपने म्युचुअल फंड, शेयर बाजार या प्रॉपर्टी के जरिए निवेश करके कमाई की है तो इसे कैपिटल गेन कहते हैं। आईटीआर फाइल करते वक्त कैपिटल गेन के जरिए हुई कमाई की जानकारी देना भी आवश्यक है।

### होम लोन स्टेटमेंट

अगर आपने किसी बैंक या एनबीएफसी से होम लोन ले रखा है तो आप पिछले वित्त वर्ष के लिए लोन स्टेटमेंट को बैंक से लेने बिल्कुल न भूलें। इससे यह पता चलेगा की आपने लोन पर कितना ब्याज चुकाया है। आप इनकम टैक्स की धारा 24 के तहत होम लोन पर चुकाए गए ब्याज पर टैक्स छूट भी क्लेम कर सकते हैं।

### आधार कार्ड और पैन कार्ड है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त आधार और पैन के डिटेल्स को देना भी आवश्यक है। ऐसे में आप रिटर्न फाइल करने से पहले इन दोनों डॉक्यूमेंट्स को अपने पास जरूर रखें। इसके साथ ही अगर आपके पास एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उनकी जानकारी देना भी जरूरी है।

### सैलरी स्लिप भी है जरूरी

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्सपेयर के पास अपनी सैलरी स्लिप भी होनी चाहिए। सैलरी स्लिप में व्यक्ति की सालाना इनकम। डीए, हाउस रेट आदि की जानकारी दर्ज होती है।

## पीईएसबी ने चेयरमैन व सीएमडी के लिए लिया था साक्षात्कार

# पीईएसबी को नहीं मिला एचपीसीएल प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी ने हाल में एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार लिया था, लेकिन उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा।

तीन साल में यह तीसरा मौका है जबकि जब बोर्ड को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की खोज करता है। पीईएसबी ने 14 जून को इस पद के लिए कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था।

- बोर्ड को इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा
- तीन साल में तीसरा मौका जब बोर्ड को उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला




### आईजीएल के एमडी शामिल थे

जिन लोगों का साक्षात्कार लिया गया उनमें एचपीसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) के प्रबंध निदेशक भी शामिल थे। लेकिन पीईएसबी को इनमें से कोई उम्मीदवार इस पद के उपयुक्त नहीं लगा।

### एचपीसीएल प्रमुख का पद एक सितंबर 2024 को होगा खाली

एचपीसीएल के प्रमुख का पद एक सितंबर, 2024 को खाली हो जाएगा। उस समय कंपनी के मौजूदा चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पुष्प कुमार जोशी 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। पीईएसबी को इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) में शीर्ष पद के लिए कोई उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिला था।

- पीईएसबी ने 14 जून को कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था

### उचित तरीके से चुनने की सलाह

पीईएसबी पैनल ने एक अधिसूचना में कहा, 'बोर्ड ने एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार की सिफारिश नहीं की और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) सहित चयन के लिए आगे की कार्रवाई का उचित तरीका चुनने की सलाह दी।'

### किसी नाम की सिराफिश नहीं

आईओसी के मामले में पीईएसबी ने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लेने के लिए किसी के नाम की सिफारिश नहीं की। वैद्य को 2023 में सेवानिवृत्त होना था। पीईएसबी ने इस पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलने के बाद एक 'अनूठा' कदम उठाते हुए सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर वैद्य को पुनः कंपनी का प्रमुख नियुक्त कर दिया गया।

### ओएनजीसी प्रमुख का सेवाकाल बढ़ा था

इसके चलते आईओसी के प्रमुख का कार्यकाल सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी होने के बाद एक साल बढ़ाया गया। वहीं ओएनजीसी का प्रभार एक सेवानिवृत्त कार्यकारी को सौंपा गया। पीईएसबी ने तीन जून, 2021 को भारत की सबसे बड़े तेल एवं गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख के पद के लिए दो सेवारत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों सहित नौ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

### ये नौकरशाह उपयुक्त पाया गए थे

लेकिन इसमें न तो वरिष्ठ नौकरशाह अविनाश जोशी और नीरज वर्मा और न ही मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में निदेशक-वित्त पोमिला जसपाल और ओएनजीसी के प्रौद्योगिकी और फील्ड सेवाओं के निदेशक ओम प्रकाश सिंह को इस पद के उपयुक्त पाया गया।

# बैटरी सेल के लिए महिंद्रा वैश्विक भागीदारी तलाश रही : शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



महिंद्रा समूह स्थानीय स्तर पर बैटरी सेल के उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावना तलाश रहा है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

शाह ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (एमईएएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए, 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। शाह ने कहा, 'एक चीज जिसपर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं... अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे।' उन्होंने कहा, ''हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बेटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा।

### उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी

यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, शाह ने कहा, ''हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा।' एमईएएल को सूचीबद्ध करने की योजना पर शाह ने कहा कि यह कम से कम अगले तीन से पांच साल में नहीं होने वाला है।

# भारत का घरेलू एसी बाजार होगा 50 हजार करोड़ का: वोल्टास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में घरेलू एयर कंडीशनर (रूम एसी) का बाजार वित्त वर्ष 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टाटा समूह की कंपनी वोल्टास ने अपनी हालिया वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही है।




- टाटा समूह की वोल्टास कंपनी ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे
- 2028-29 तक 12 फीसदी की सालान दर से बढ़ सकता है

एसी की अग्रणी कंपनी वोल्टास ने कहा कि घरेलू और अग्रणी विदेशी कंपनियों की उपस्थिति के कारण भारतीय घरेलू एसी बाजार में प्रतिस्पर्धा 'तेज' हो गई है। बढ़ती गर्मी, बढ़ती खर्च योग्य आमदनी तथा उपभोक्ता वित्त तक आसान पहुंच के साथ बेहतर जीवनशैली की चाह जैसे कारकों से घरेलू एसी खंड की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है।'भारतीय घरेलू एसी बाजार के 2028-29 तक 12 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।'वोल्टास ने 2023-24 में 20 लाख से अधिक एसी बेचे। कंपनी के अनुसार, यह किसी भी ब्रांड द्वारा एक वर्ष में बेची गई एसी की अबतक की सबसे अधिक संख्या थी। कंपनी ने कहा, "वोल्टास ने एक जनवरी, 2024 से 20 अप्रैल, 2024 तक मात्र 110 दिन की अवधि में 10 लाख एसी बेचे हैं।"इस सत्र में कई कंपनियों की एसी बिक्री अप्रैल और मई में दोगुना से अधिक हो गई है।

### सीएसी में बढ़ने जा रही प्रतिस्पर्धा

घरेलू एसी के अलावा, वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (सीएसी) में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ने जा रही है। अब अग्रणी विदेशी कंपनियों ने इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। इससे पहले, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण विनिर्माता संघ ने कहा था कि इस साल उसे घरेलू एसी की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद है, जिससे 2024 में वार्षिक बिक्री लगभग 1.4 करोड़ इकाई हो जाएगी।

# ग्रोवैल्यू फिन सर्विसेज का पंजीकरण रद्द



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल 2021 से अगस्त 2022 तक सेबी के पास पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक फर्म ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े मामलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या फर्म के बहीखाते और रिकॉर्ड सही ढंग से तैयार किए जा रहे थे और क्या फर्म सेबी के अनुसंधान विश्लेषक मानदंडों के प्रावधानों का पालन कर रही थी। सेबी के मुख्य महाप्रबंधक जी रामर ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता (ग्रोवल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज) ने अनुसंधान विश्लेषक विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है।

# एसबीआई अनुषंगी कंपनियों का कारोबार बढ़ाने करेगा मौद्रीकरण

- एसबीआई चेयरमैन खारा ने कहा बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा।

इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिये होगा। उन्होंने कहा, 'इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है।'खारा ने कहा, 'शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे। उसके बाद ही हम इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी का मौद्रीकरण करने के लिए पूंजी बाजार में जाने की सोचेंगे। लेकिन, चालू वित्त वर्ष में ऐसा नहीं होगा।'

*एसबीआई इंश्योरेंस का लाभ 30 फीसदी बढ़ा: वित्त वर्ष 2023-24 में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ 30.4 प्रतिशत बढ़कर 240 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी एसबीआई के पास है। बाकी हिस्सा हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।*

## खादी प्राकृतिक पेंट्स को मिला प्रमाणन...




**नई दिल्ली।** खादी प्राकृतिक इमल्शन और डिस्टेंपर पेंट को सरकारी गुणवत्ता आश्वासन निकाय राष्ट्रीय परीक्षण शाला (एनटीएच) ने भारतीय मानक के अनुरूप प्रमाणित किया गया है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को कहा कि एनटीएच द्वारा किए गए व्यापक परीक्षण ने पुष्टि की है कि इमल्शन पेंट कड़े बीआईएस 15489:2013 मानकों को पूरा करता है, जबकि डिस्टेंपर पेंट बीआईएस 428:2013 मानकों का अनुपालन करता है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा निर्मित ये पेंट अनुप्रयोग गुणों, पतलापन, सूखने में लगने वाले समय और सफाई के परीक्षण में सफल रहे। मंत्रालय ने कहा कि ये पेंट चार घंटे से भी कम समय में सूख गए और एक समान तथा चिकनी फिनिश दी। उन्होंने कहा कि ये उत्पाद सफेद रंग में उपलब्ध हैं, जिन्हें अन्य रंगों में भी रंगा जा सकता है।

# एस्सार समूह हरित हाइड्रोजन पर 30 हजार करोड़ करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है।

- निवेश अगले चार साल तक करने की योजना
- गुजरात के जामनगर में होगा संयंत्र स्थापित

धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

### ग्रीन अमोनिया को हाइड्रोजन में बदला जाएगा

रुइया ने कहा, ''विचार यह है कि हरित अमोनिया के बजाय ऐसे ग्रीन मॉलेक्यूल्स बनाए जाएं, जिन्हें सीधे ले जाया जा सके। ग्रीन अमोनिया को ले जाकर उसे हाइड्रोजन में बदला जाता है। इसकी लागत बहुत अधिक है। इसलिए हम एक ऐसा परिसर बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो हाइड्रोजन से ग्रीन मॉलेक्यूल्स बना सके और बड़े पैमाने पर जैव ईंधन का निर्यात किया जा सके।

## मूवी व इवेंट टिकटिंग कारोबार बेचने की तैयारी शुरू कर दी

# पेटीएम की यह बिजनेस बेचने जोमाटो से बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संकट में फंसी पेटीएम ने अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमाटो से बातचीत की जा रही है। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने यह फैसला रीस्ट्रक्चरिंग के तहत लिया है।

- आरबीआई के बैन से पेटीएम के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैन लगाए जाने के बाद पेटीएम के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में वह गिरती हुई सेल्स को संभालने के लिए एक साथ कई विकल्प पर काम कर रही है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के साथ ही कुछ कारोबार हटाकर पेटीएम अपने पेमेंट बिजनेस पर ध्यान देना चाहती है।

### पहली बार पेटीएम की सेल में आई गिरावट

विजय शेखर शर्मा के नेतृत्व वाली कंपनी पेटीएम ने पिछले महीने बताया था कि उसकी सेल्स में पहली बार गिरावट आई है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के चलते कंपनी के फिनटेक बिजनेस को बहुत नुकसान पहुंचा है। अपने बिजनेस को बचाने के लिए कंपनी ने 4 बैंकों का सहारा लिया है। फिलहाल मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस की डील को लेकर पेटीएम और जोमाटो ने चुप्पी साधी हुई है।




**जोमाटो का डिजिटल बिजनेस भी हो जाएगा बड़ा**

पेटीएम ने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस के आंकड़ों की जानकारी तो नहीं दी है। मगर, मार्च, 2024 में मार्केटिंग सर्विस बिजनेस के जरिए कंपनी को 17.4 अरब डॉलर की सालाना सेल्स हासिल हुई थी। इसमें मूवी और इवेंट टिकटिंग के साथ ही क्रेडिट कार्ड मार्केटिंग एवं गिफ्ट वाउचर्स बिजनेस भी शामिल है। यदि जोमाटो के साथ पेटीएम की डील सफल हो जाती है तो कंपनी ट्रेवल, डील्स और कैशबैक बिजनेस पर फोकस कर सकेगी। इसकी मदद से पेटीएम को अपनी सेल्स और मर्चेंट बेस बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### यूपीआई पेमेंट सेगमेंट पर ध्यान देना चाहती है पेटीएम

रिपोर्ट के अनुसार, मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने के लिए पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस और जोमाटो के बीच बातचीत शुरू हो चुकी है। मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचकर कंपनी यूपीआई पेमेंट सेगमेंट में अपनी खोई हुई इज्जत को वापस हासिल करने का प्रयास करेगी। इस बिजनेस को बेचने के लिए जोमाटो के अलावा अन्य विकल्प पर भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

# वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी करेगी शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बाजार मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से दिशा लेगा। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों वाला है और किसी बड़े संकेतक का अभाव है। बजट को लेकर चर्चा के बीच हमें क्षेत्र विशेष के शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

## चिंतन

# ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर बहस बंद हो

भारतीय ईवीएम पर राजनीतिक बहस खत्म होनी चाहिए। भारतीय स्वदेशी तकनीक पर सबको भरोसा होना चाहिए। ईवीएम की सत्यता, प्रमाणिकता और तकनीकता को लेकर किसी को आशंका नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ईवीएम की तकनीक को लेकर अनेक बार प्रमाणिक सफाई दे चुका है, आरोप लगाने वाले दलों को अपने आरोपों को तकनीकी रूप से सिद्ध करने का अवसर दे चुका है। सुप्रीम अदालत में ईवीएम-वीवीपैट मामले पर तार्किक जिरह हो चुकी है, इसके बावजूद देश में हर चुनाव के वक्त विपक्षी दलों की ओर से ईवीएम पर सवाल उठाना एक ट्रेंड बन गया है, चाहे फैसला जो भी हो। ईवीएम पर विवाद करना अपनी स्वदेशी तकनीकी उपलब्धि पर संदेह जताना है। अमेरिकी व्यापारी एलन मस्क ने एआई से ईवीएम को हैक करने को लेकर जो भी बयान दिया है, उसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ईवीएम किसी भी बाहरी तकनीक से कंट्रोल्ड नहीं है, इसलिए इंटरनेट आधारित किसी भी तकनीक से ईवीएम को न हैक किया जा सकता है, न संचालित और न नियंत्रित किया जा सकता है। ईवीएम एक सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर है, जो किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग है, किसी से कनेक्ट नहीं है, ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट से जुड़ा नहीं है। यानी हैक या नियंत्रण को कोई रास्ता ही नहीं है। ईवीएम फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर है, जिसे दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह सुरक्षित है। चुनाव आयोग ने एलन मस्क के बयान के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व सपा सांसद अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी भी अन्य डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहता है। इस वक्त महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर की मामली वोटों से जीत के बाद उनके रिश्तेदार के खिलाफ मोबाइल मतगणना केंद्र पर पहुंचाने व संदिग्ध स्थिति में रखने के आरोप को लेकर केस दर्ज किया गया है, जिसकी महाराष्ट्र पुलिस जांच कर रही है। उसके बाद चुनाव आयोग भी जांच करेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में होना है, वहां इंटरनेट आधारित ईवीएम को लेकर बहस जारी है, अमेरिका में चुनाव बैलेट पेपर से होता है। उन्होंने अमेरिकी सरकार को मत पत्र से ही चुनाव कराने की सलाह दी है और इसी संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से ईवीएम के हैक व कंट्रोल्ड करना संभव है, जैसा बयान दिया हो, उन्हें डर हो कि कहीं अमेरिका भारतीय ईवीएम के जरिये न चुनाव कराने का विचार करे। दूसरा कारण भी हो सकता है, पश्चिम ने कभी भी भारतीय तकनीक को दिल से नहीं स्वीकारा है। ईवीएम भारत में जेनरेटेड है, यह एक फुलप्रूफ तकनीक है, इसकी गुणवत्ता को पश्चिम के लिए स्वीकारना मुश्किल रहता है। ईवीएम पर एलन मस्क के बयान को इन दोनों ही संदर्भ में देखा जा सकता है। चिंता तब होती है, जब किसी पश्चिमी विदेशी के द्वारा भारतीय ज्ञान या उपलब्धि या व्यवस्था के खिलाफ अनर्गल आलाप किया जाता है तो हमारे देश के विपक्षी नेता बिना परीक्षण किए, उसके मकसद को समझे सुर में सुर मिलाने लगते हैं। राहुल गांधी व अखिलेश यादव को तथ्यात्मक रूप से सही बातें ही कहनी चाहिए। ईवीएम पर विवाद का अंत होना चाहिए, भारतीय को अपनी तकनीक पर भरोसा होना चाहिए।

## सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर एक और ऐसा प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो पहाड़ी की चोटी पर विराजित है और हिन्दुओं के बीच काफी महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

# महंगाई-विकास में संतुलन की पहल




मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

> महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई पर केंद्रीय बैंक संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है।

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे।

मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल, कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर दोनों में तेजी आ रही है। इसी वजह से भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुदरा महंगाई अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है और अनुमान है कि गर्मियों में खुदरा महंगाई में बहुत ज्यादा नरमी नहीं आएगी। वैसे, सर्दी के मौसम में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का



अनुमान जताया है, लेकिन यह स्तर विकास के लिए निर्णायक निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है। मई महीने में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी 2023 में यह 3.85 रही थी। वहीं, अप्रैल 2024 में यह 1.26 प्रतिशत रही, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। मार्च 2024 में यह 0.53 रही और फरवरी महीने में 0.20 प्रतिशत। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 12 जून 2024 को खुदरा महंगाई का आंकड़ा जारी किया था, जिसके अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई 4.75 प्रतिशत रही, जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी।

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा, इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए, अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जाएगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी। ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है। उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है, सीपीआई उसी को मापता है। कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इस तरह, किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है।

विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा मई 2024 में 57.5 पॉइंट रहा, जो अप्रैल महीने में 58.8 प्वाइंट रहा था, वहीं, कंपोजिट पीएमआई मई 2024 में 60.50 पॉइंट था, जो अप्रैल 2024 में 61.50 प्वाइंट रहा था। आंकड़ों से साफ आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
## दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
## प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रकृति संरक्षण की मुहिम

मरुस्थल बनती धरती पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। उजड़ती हरियाली से न केवल तपिश बढ़ रही है, बल्कि बढ़ते प्रदूषण ने भी जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में पेड़ लगाना और सहेजना ही धरती के रंग और इंसानों का जीवन बचा सकता है। हवा में घुलते जहर, बढ़ते तापमान और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कटते वृक्षों से पैदा हो रहे पर्यावरण असंतुलन से मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाना ही है। हाल ही में देशवासियों से अपने ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरुआत की है। इस मुहिम का व्यावहारिक पक्ष यह है कि यह पेड़ लगाने की औपचारिकता पूरी करने भर से नहीं बल्कि रोपे गए पौधे को पोसने के भाव से भी जुड़ी है। हर साल बड़ी संख्या में वृक्षारोपण के बावजूद पालने-पोसने के प्रति गंभीरता न रखने के कारण बहुत से पौधे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में वृक्षारोपण अभियान के साथ भावनात्मक जुड़ाव का भाव होना पेड़ लगाने के बाद उसे बचाने में भी मददगार साबित होगा। इसी भाव को बल देने वाली मुहिम को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि 'मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।' विचारणीय है कि वृक्षारोपण के सामूहिक प्रयास सदा से अहम रहे हैं पर वृक्षारोपण का सद्विचार ही काफी नहीं है। समस्या लगाए गए पेड़-पौधों की देखभाल के प्रति गंभीर न रहने की ज्यादा है। कभी रोपे गए पौधे सिंचाई के अभाव में या तो सूख जाते हैं तो कभी मवेशी खा जाते हैं। संबन्धित विभागों की लापरवाही के कारण बाकायदा अभियान चलाकर रोपे गए पेड़ भी सूख जाते हैं, जबकि वन क्षेत्रों में नहीं गांवों-शहरों में भी निर्माण कार्यों के कारण पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। एक ओर बढ़ती आबादी के कारण शहरी इलाकों में आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है तो दूसरी ओर गांवों-कस्बों में भी जमीनी जीवनशैली में बदलाव आया है। ध्यातव्य है कि वन विभाग की ओर से हर वर्ष नर्सरी तैयार कर वन क्षेत्रों में पौधे रोपे जाते हैं, पर लक्ष्य से दोगुनी संख्या में पौधे रोपने बावजूद काटे जा रहे पेड़ों की तुलना में नए पेड़ कम ही लग पाते हैं, जिसके कारण वन क्षेत्र संरक्षित करना भी आसान नहीं है, पर भारत में वन हानि रोकने के प्रयास गंभीरता से किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान जुड़कर लोग शहरी क्षेत्रों में बची खाली जगहों, उद्यानों और अपने घर के आंगन को हराभरा बनाकर प्रकृति संरक्षण में भागीदार बन सकते हैं। असल में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण खत्म हो रही हरियाली को पोसने के मोर्चे पर पौधरोपण संग निजी जुड़ाव और जवाबदेही का यह भाव वाकई सहायक सिद्ध हो सकता है। अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने को प्रेरित करने वाला यह अभियान वृक्षों को बचाने वाली व्यावहारिक और प्रेरणादायी पहल है। धरती माता के आंगन को हराभरा रखने वाली संवेदनासिक्त मुहिम है। समझना मुश्किल नहीं कि अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के रूप में वृक्ष रोपने वाला हर इंसान उसे सहेजने के भी पूरे प्रयास करेगा। यह मानवीय मन का बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि व्यक्तिगत जुड़ाव के बाद संरक्षण का भाव और प्रबल हो जाता है। यही जुड़ाव प्रकृति को संरक्षित करने वाले भाव-चाव का कभी ना डिगने वाला आधार बन सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### विवादों में नीट परीक्षा परिणाम

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सड़कों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके।

*-विपिन नागरे, रायगढ़*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य संकट पर चिंतित



वेस्ट बैंक, कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ वहां के बढ़ते स्वास्थ्य संकट के बारे में चिंतित है, जहां स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर हमले और आंदोलन पर बढ़ते प्रतिबंध स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में बाधा डाल रहे हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रैक पर रहना होगा



यदि आप सचेत हैं कि आप नश्वर हैं, तो कुछ भी मूर्खतापूर्ण करने का समय नहीं है। आपको ट्रैक पर रहना होगा। आध्यात्मिक पथ का सबसे बुनियादी पहलू अपने आप से सौ प्रतिशत सीधा होना है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### नागरिकता का मार्ग मिला



आज से बारह साल पहले, मेरे प्रशासन ने डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम या डीएसीए की घोषणा की थी, जिससे बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों को, जिन्हें बचपन में इस देश में लाया गया था, नागरिकता का मार्ग मिल गया।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए



हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ख़त्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय

भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए' द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई ने पार्टी के सदस्यों से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?' उन्होंने कहा, 'अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सिर्फ 292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?' डॉ. बरई ने कहा, 'इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।'



## ऑफ बीट

# मीठे पानी के स्रोत कर रहे संकट का सामना

मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक दुनिया की जीवनरेखा हैं, फिर भी वह संकट का सामना कर रहा है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1970 के बाद से वैश्विक मीठे पानी की कशेरुकी आबादी में 83 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जो किसी भी अन्य आवास की तुलना में कहीं अधिक है। मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का एक उपसमूह हैं। इनमें झीलें, तालाब, नदियां, धाराएं, झरने, दलदल और आर्द्रभूमि शामिल हैं। उनकी तुलना समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों से की जा सकती है, जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है। मीठे पानी के आवासों को तापमान, पोषक तत्वों और वनस्पति सहित विभिन्न कारकों द्वारा वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रकृति के क्षरण का स्तर चिंताजनक है, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र जटिल है। साथ ही मानवीय गतिविधियों के प्रभाव भी जटिल हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) का विश्लेषण करके मीठे पानी की धाराओं, नदियों और झीलों के भीतर छिपे रहस्यों को उजागर किया जा सकता है। इससे इन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी प्रणालियों की अधिक कुशल निगरानी की उम्मीद जगती है। मछलियां और पक्षी आमतौर पर सुर्खियों में रहते हैं। उन पर दशकों से निगरानी रखी जा रही है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### 17 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे प्रतिभागी जवाब

**कटनी।** कटनी को जानो प्रतियोगिता के शुरू होने के पांचवे दिन शुक्रवार 14 जून को तहसील बहोरीबंद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के तौर पर प्रसिद्ध और श्रद्धा से परिपूर्ण मॉ कंकाली देवी मंदिर तिगवां एवं श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र से संबंधित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 17 जून सोमवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक में जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 17 जून को रात 12 बजे तक प्रशासन की वेबसाइट https://katni.nic.in/event/कटनी-को-जानो-प्रतियोगिता/ पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें तहसील बहोरीबंद के ऐतिहासिक पर्यटन एवं श्रद्धा का प्रसिद्ध स्थल मां कंकाली देवी मंदिर तिगवां से संबंधित जानकारी साझा की जायेगी। इस मंदिर का निर्माण लगभग पांचवी शताब्दी मे किया गया था तथा मंदिर की दीवारों पर भगवान विष्णु की प्रतिमाएं उकेरी गई है। इसके अतिरिक्त लघु फिल्म के माध्यम से ही जैन समाज का विशेष आस्था का केन्द्र बहोरीबंद स्थित दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में जैन समाज के 16वें तींथंकर भगवान शांतिनाथ की 16 फीट ऊंची प्रतिमा, एवं शिलालेख की जानकारी साझा की जायेगी।

### बकरीद पर साफ- सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था करने निर्देश

**कटनी।** आज 17 जून सोमवार को ईद-उल-जुहा बकरीद पर्व के अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कटनी नगर निगम सीमांतर्गत सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों ,मस्जिदों के आस-पास तथा विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई, चूने की लाईनिंग आदि समुचित साफ-सफाई, पेयजल पानी टैंकरों की व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

### जमीनी विवाद में 4 लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले में दो युवक और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। घटना पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में जमीनी विवाद को लेकर मोहन लोधी, रत्तु लोधी, नरेश लोधी, रामावतार लोधी ने धारदार कुल्हाड़ी से महेश उर्फ बबलू पिता हरिलाल लोधी, वर्षा, पुत्तु लोधी, सुदामाबाई लोधी, केरा लोधी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में महेश लोधी की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### बाइक से पेट्रोल चोरी लड़कों का वीडियो वायरल

**कटनी।** घरों के बाहर खड़े दो पहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीगंज का है। वायरल वीडियो में दो लड़के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों से पेट्रोल निकालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। पेट्रोल निकालने वाले लड़कों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें गांधीगंज क्षेत्र में दो लड़के रात के समय घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालते दिख रहे हैं। पेट्रोल निकालते समय एक लड़का आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखे रहता है। कुछ ही देर में अलग-अलग मोटर साइकिल से पेट्रोल निकालकर दोनों लड़के भाग जाते हैं। पेट्रोल चोरी करने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस वीडियो के आधार पर लड़कों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

#### शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों में फरार अपराधियों व वारंटियों पर कार्रवाई

# आधी रात से तड़के तक पुलिस ने किया गश्त, 150 से ज्यादा बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फरार अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफतारी के लिए बीती रात जिले भर की पुलिस सड़कों में उतरी और बदमाशों की खबर ली। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में रात्रि 12 बजे से प्रातः 05 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक अजाक प्रभात कुमार शुक्ला, कृष्णपाल सिंह एसडीओपी विजयराघवगढ़, उमराव सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कटनी तथा समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा स्टाफ के साथ कॉम्बिग गस्त की गयी। कांबिंग ग्रस्त करते हुए कटनी पुलिस ने वारंटी की घर पकड़ करने की शक्ति की पारी खेली रात में पुलिस के द्वारा 150 से भी अधिक वारंटियों की घर पकड़ की गई। इसके अलावा मादक पदार्थ की बिक्री एवं उनके परिवहन के खिलाफ भी कार्यवाहियों को अंजाम दिया गया।



कांबिंग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के कुल 85 गिरफ्तारी वारंट तामील किये गये। इसके साथ ही माननीय न्यायालयों द्वारा जारी कुल 67 स्थाई वारंट तामील किये गये। धारा 299 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत पुराने प्रकरणों मे फरार कुल 05 आरोपियो की गिरफ्तारी कॉँबिंग गस्त के दौरान की गई।

इनामी बदमाश गिरफ्तार कार्यवाही के दौरान 02 ईनामी बदमाश गिरफ्तार किये गये। एवं 2 जिला बदर आरोपियों द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी कर कार्यवाही की गई। कॉँबिंग गस्त के दौरान कुल 39 जिला बदर आरोपियों के पते पर जाकर चेकिंग की गई एवं समझाइश दी गई।

गस्त के दौरान अवैध शराब का विक्रय व परिवहन करने वालों के विरुध्द 37 प्रकरण कायम किये, आरोपियों से 71 लीटर कच्ची शराब व 260 पाव देशी मदिरा कुल कीमती 50,150/- रु. की बरामद की गई। इस दौरान 02 आरोपियो के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया व 01 नग 315 बोर का कट्टा व 01 चाकू बरामद किया गया।

कॉम्बिंग गस्त के दौरान 01 आरोपी से 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही जुआ खेलते पाये जाने पर 10 जुआड़ियो के विरूद्ध 03 प्रकरण कायम किये गये। सट्टा खेलते पाये जाने पर कांबिंग गस्त के दौरान 02 सटोरियों पर कार्यवाही की गयी। शांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 22 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 दप्रसं के तहत कार्यवाही की गयी।

शांति कायम रखने हेतु 74 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 107,116(3) दप्रसं के तहत कार्यवाही की गयी। कांबिंग गस्त के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करना पाये जाने पर 66 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गयी तथा 28,800/-रु समन शुल्क वसूला गया।

उल्लेखनीय है कि अभिजीत कुमार रंजन (भापुसे) पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा थाना कोतवाली परिसर में ''कॉम्बिंग नाईट ऑपरेशन'' के अधिकारियों, कर्मचारियों को ब्रीफ कर रवाना किया गया।



## विषाक्त पदार्थ के सेवन से विवाहिता की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में एक नवविवाहिता ने रविवार को अपने मायके में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला की जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहरीले पदार्थ का सेवन करने के दौरान महिला घर में अकेली थी। घर वाले जब वापस लौटे तो महिला घर में बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि हीरापुर कौड़िया गांव निवासी अंजलि पति पप्पू पटेल 19 अपने मायके बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में थी। रविवार को घर के सभी लोग खेत गए हुए थे।

वापस लौटने पर परिजनों को अंजलि बेहोशी की हालत में घर में मिली। जिले के आनन-फानन में परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि अंजलि का विवाह तीन महीने पहले हीरापुर कौड़िया गांव निवासी पप्पू पटेल से किया गया था। किसी तरह के विवाद की जानकारी भी नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

#### कलेक्टर के निर्देश एवं सतत समीक्षा के चलते आई तेजी

## जिले में अब तक 36 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दिशा में किए गए ठोस और गंभीर प्रयासों एवं निरंतर समीक्षा की वजह से जिले में सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी के कारण निराकृत सीमांकन प्रकरणों का आंकड़ा अब 36 सौ को पार कर गया है, अर्थात शनिवार 15 जून तक सीमांकन के लंबित कुल 3 हजार 6 सौ 14 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रसाद की सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में रुचि लेने के पूर्व काफी पुराने सीमांकन प्रकरण लंबित पड़े थे। लेकिन राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश और निरंतर समीक्षा के बाद आए सीमांकन कार्य में तेजी के बाद जिले भर में औसतन प्रतिदिन एक सैकडा सीमांकन प्रकरण निपटाए जा रहे है।



### तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी

जिले की विभिन्न तहसीलों में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले मे तहसील ढीमरखेड़ा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाकर अब तक कुल 569 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा करते हुए निरंतर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाये हुए है। वहीं तहसील विजयराघवगढ़ अब तक कुल 432 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं तहसील रीठी ने भी अब तक कुल 413 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बना ली है। जबकि तहसील कटनी नगर द्वारा चौथे स्थान पर रहते हुए अब तक 410 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी तरह तहसील बरही द्वारा 410 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर पांचवे तहसील स्लीमनाबाद अब तक सीमांकन के कुल 391 प्रकरणों का निराकरण कर छठे स्थान पर, तहसील बहोरीबंद 357 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर सातवे, तहसील बडवारा 354 प्रकरणों का निराकरण कर आठवे स्थान पर और तहसील कटनी द्वारा अब तक कुल 288 सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है।

## श्रमदान कर की गई नदी, नहर व ड्रेनज की सफाई




जल स्त्रोतों के तहत आनें वाले नदी, तालाब, नहर, झील, बावडी, कुओं की वर्षा पूर्व साफ- सफाई की जाकर वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले भर आयोजित हो रहे अभियान में अब आम नागरिकों द्वारा भी आगे आकर स्वेच्छा से श्रमदान किया जाकर जल स्त्रोतों की साफ- सफाई की जा रही है। इसी श्रंखला में जल गंगा संवर्धन के तहत जनपद पंचायत कटनी की विभिन्न पंचायतों में आयोजित गतिविधियों के दौरान आम नागरिकों द्वारा श्रमदान किया जाकर जल स्त्रोतों की साफ- सफाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत कन्हवारा में ड्रेनेज लाइन के ट्रीटमेंट का कार्य किया जाकर जल संरक्षण के प्रयास किये गए तो वहीं ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द की कोहारी नदी का श्रमदान कर गहरीकरण एवं साफ- सफाइ कार्य किया गया इसी प्रकार ग्राम पंचायत हरदुआ अलोनी नदी के गहरीकरण का कार्य जनसहयोग से किया गया है।अभियान के दौरान वर्षाजल को संग्रहित कर भूमि तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरसवाही में रिचार्ज पिट का निर्माण कराया गया।

## पुष्पावती नगर बिलहरी की ऐतिहासिक बावड़ी में चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के निर्देश और कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास किये जा रहे है।

इसी श्रंखला में शनिवार को विकासखण्ड रीठी के बिलहरी पंचायत में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर, द्वारा बिलहरी पुष्पावती नगरी स्थित ऐतिहासिक बावडी में जनसहयोग से श्रमदान किया जाकर साफ-सफाई करते हुए जल संरक्षण के प्रयास किये गए। श्रमदान अभियान के दौरान अवगत कराया गया कि इस बावड़ी में पानी 12 माह पानी भरा रहता है ग्रामीण द्वारा बताया गया इसका पानी कभी सुखा नहीं है। इस तरह की संरचनाओं को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर हम जल का बेहतर तरीके से संरक्षण कर सकते है।



इस कार्यक्रम के माध्यम से नवांकुर संस्था द्वारा उपस्थित लोगों और ग्रामवासियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व जल संरचनाओं की साफ सफाई करने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह, परामर्शदाता अरुण तिवारी, सेक्टर प्रभारी मो मुस्तकीम और समिति के सदस्य विनोद बर्मन, गनपत साहू, दीपू पुरी गोस्वामी, रामा आदिवासी, बसंत यादव, राजकुमार सहित अन्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरियारपुर के अध्यक्ष रुखसार बानो और सेक्टर प्रभारी मोहम्मद मुस्तकीम द्वारा किया गया।

#### कृषि उप संचालक द्वारा किसानों को दी गई जानकारी

## कृषि में लगात कम करने एवं लाभ के लिए कारगर है नैनों उर्वरक का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी कृषि में लागत कम करने व लाभ के दृष्टिकोण से उपयुक्त है की जानकारी देते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि एक बोतल 500 मि.ली. नैनो यूरिया प्लस में एक बोरी यूरिया के बराबर ताकत होती है। इसी तरह नैनो डीएपी की एक बोतल में एक बोरी दानेदार डीएपी के बराबर पोषक तत्व पाये जाते हैं।

नैनो यूरिया प्लस 4 मि.ली. प्रति लीटर पानी अथवा 500 मि.ली. की एक बोतल प्रति एकड़ की दर से घोल बनाकर फसलों की वनस्पतिक अवस्था (कल्ले/शाखा बनते समय) एवं फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करना चाहिए। इसके प्रयोग से दानेदार यूरिया की मात्रा को 50 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। नैनो डीएपी का उपयोग बीज उपचार, जड़ उपचार एवं पर्णीय छिड़काव के रूप में किया जा सकता है। नैनो डीएपी से बीज उपचार 5 मि.ली. प्रति किलो ग्राम बीज की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छाव में सुखाने के उपरांत ही बुवाई करे।



उपसंचालक श्री मिश्रा ने बताया कि धान में जड़ उपचार के लिए 5 मि.ली. नैनो डी.ए.पी. प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर जड़ को 20 से 30 मिनट तक घोल में डुबोयें रखें फिर छाव में सुखाने के उपरांत रोपाई करें। नैनो डी.ए.पी. का पर्णीय उपचार 4 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसलों की वनस्पतिक अवस्था (कल्ले/ शाखा बनते समय) या फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करना चाहिए। नैनो डीएपी के प्रयोग से दानेदार डीएपी की मात्रा को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। नैनो डीएपी से बीज एवं जड़ उपचार करने पर बीज अंकुरण में वृद्धि एंव जड़ क्षेत्र का अधिक विकास होता है। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का प्रयोग सभी फसलों में किया जा सकता है।

नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डी.ए.पी. का पर्णीय छिड़काव फसल की बुवाई के 35 दिन के बाद ही करना चाहिए। इनके प्रयोग से मृद्रा स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण में कमी होती है। इसके प्रयोग से कीट एवं रोध के प्रकोप में भी कमी होती है तथा फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

अतः किसानों से अपील की जाती है कि नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डी. ए. पी. का अधिक से अधिक मात्रा में उपयोग कर फसल उत्पादन लागत में कमी लाएं।

#### विधायक ने कलेक्टर की मौजूदगी मे कारोपानी मे किया लोकार्पण

## प्रदेश के सबसे बेहतर आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल ढीमरखेड़ा विकासखंड के प्रकृति की गोद मे बसे विशेष जनजाति बैगा बाहुल्य गांव कारोपानी में प्राकृतिक परिवेश के बीच नवनिर्मित भव्य और आकर्षक आंगनबाड़ी भवन में बैठकर यहां बच्चे अपनी पसंद के नैसर्गिक और मनोरंजक वातावरण में अच्छी शिक्षा और पोषण प्राप्त करेंगे। जनसहयोग और शासकीय राशि को मिलाकर करीब 18 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित यह आंगनबाड़ी भवन अपनी विशालता व भव्यता की वजह से संभवतः प्रदेश का पहला आंगनबाड़ी भवन है।

इसी आंगनबाड़ी केन्द्र का शनिवार को विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद और जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, जिला योजना समिति के सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



लोकार्पण अवसर पर विधायक बड़वारा श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना लोगों को विकास की मुख्य धारा से जनजातीय समाज को जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के लिए कारोपानी के आंगनबाड़ी भवन के भव्य स्वरूप को स्थानीय जनों के लिए एक बड़ी सौगात बताया। कार्यक्रम को इसके पहले जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, सरपंच द्रोपती बाई, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, बहादुर सिंह, प्रभारी एस.डी.एम विवेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस जीएस खटीक और तहसीलदार आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि कारोपानी कटनी जिले के उन 11 गांवों मे शामिल है जो बैगा बाहुल्य है और जिनमे प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कई कार्य किये जा रहे है। कारोपानी के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण भी प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ही स्थानीय जनों की संस्कृति, परंपरा और भावनाओं के अनुरूप किया गया है। साथ ही परंपरागत तकनीक का भी प्रयोग किया गया है।

यहां के आंगनबाड़ी केंद्र को कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने स्वयं गोद लिया है और वे यहां के बच्चों से समय-समय पर मिलने भी आते रहे हैं। यह आंगनवाड़ी भवन अपने खास स्लोपिंग रुफ पैटर्न पर बना है। भवन की पूरी आउट वाल स्टोन की है, भवन को इको फ्रेंडली बनाने के लिए खिड़की -दरवाजे बुडन के लगाये गये है। साथ ही बालकनी बांस की बनी है। इसके निर्माण में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भवन निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। इस आंगनबाड़ी केंद्र के भवन मे एक बड़ा हॉल, एक आफिस रूम, एक किचन, एक गेस्टरूम, अटैच लैटबाथ और एक एक्टिविटी रूम अटैच लैटबाथ बना है। पूरा भवन 1140 वर्ग फिट में निर्मित है।जबकि आंगनबाड़ी का पूरा परिसर 6000 वर्गफिट मे फैला है। जहां बच्चों के खेल कूंद के लिए झूले आदि लगाये गए है।

## किसान सम्मान निधि की किस्त का वितरण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त वितरण 18 जून 2024 को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त का वितरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा 18 जून को वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया जायेगा। किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त वितरण दिवस को देश में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

इस संबंध में जिला स्तरीय कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी एवं ब्लाक स्तर पर सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस आयोजित कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला व ब्लाक स्तर पर आमंत्रित करने, कार्यक्रम में प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण करने, जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था करने के साथ ही योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए विलेज नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। सभी विलेज नोडल अधिकारी को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने, विलेज नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे। हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिये ईकेवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटश अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

# गंगा दशहरा उत्सव आस्था की डुबकी

हर साल की तरह इस साल भी गंगा दशहरा के अवसर पर देश भर में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। हरिद्वार, वाराणसी, पटना सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने पवित्र स्नान कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। हरिद्वार में हर की पौड़ी घाट पर श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दौरान, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सुकबाजार में रविवार को गंगा दशहरा पर देवी मनशा की मूर्तियों को लेकर धार्मिक जुलूस भी निकाला गया।













## खबर संक्षेप

### नीट का बचाव नहीं करे केंद्र : स्टालिन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को कहा कि योग्यता के पैमाने के रूप में पेश की जा रही राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा घोटाला है और केंद्र को इस राष्ट्रीय परीक्षा का बचाव करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के हितों, सामाजिक न्याय तथा गरीबों के भी खिलाफ है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम के अध्यक्ष स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नीट को लेकर जारी विवाद स्पष्ट रूप से इसकी मूल असमान प्रकृति को उजागर करते हैं।

### इजराइल ने की गाजा में सामरिक विराम की घोषणा



**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा पट्टी में अधिक से अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए संघर्ष के दौरान सामरिक विराम की घोषणा की। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक 'सामरिक विराम' रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रभावी रहेगा। इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है।

### भारत के साथ 'भूमि संपर्क' चर्चा अंतिम चरण में



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा। दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

### अमेरिका के डेट्रॉयट उपनगर में गोलीबारी नौ लोग घायल

**रोचेस्टर हिल्स।** अमेरिका में मिशिगन के डेट्रॉयट शहर में शनिवार को एक 'स्प्लैश पैड' (मनोरंजन पार्क) में गोलीबारी की घटना में दो बच्चों और उनकी मां समेत नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से एक बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना को अंजाम देने के बाद संदिग्ध एक घर में छिप गया, जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने घर को घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध ने आत्महत्या कर ली।

## मचा सियासी घमासान, चुनाव आयोग ने दी सफाई

# महाराष्ट्र में ईवीएम हुई हैक! शिंदे गुट के सांसद के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर एक बार फिर से विवाद खड़ा हो गया है। मुंबई पुलिस के शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद एक बार फिर ईवीएम की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में आ गई है। इस पर विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग और सरकार पर निशाना साधा है। साथ ही ईवीएम के मुद्दे पर टेस्ला के मालिक एलन मस्क और पूर्व केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर आमने-सामने आ गए हैं। इस मुद्दे को बढ़ता देख भारतीय चुनाव आयोग मुंबई मामले को लेकर शाम साढ़े चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का भी ऐलान किया है।

चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में ईवीएम हैकिंग के आरोप को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र में आरोप लगे हैं कि ईवीएम को मोबाइल फोन से कनेक्ट किया गया था. महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई OTP नही लगता है। ईवीएम स्टैंडअलोन सिस्टम है।




**खास बातें**

- चुनाव सेंटर के अंदर पाबंदी के बावजूद मोबाइल का हुआ इस्तेमाल
- आरोप : चुनाव आयोग अधिकारी का मोबाइल मतगणना के दौरान जनरेट कर रहा था ओटीपी

### यह है मामला

दरअसल, मुंबई पुलिस ने रविवार को शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर के साले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने ये एफआईआर लोकसभा चुनाव की मतगणना वाले दिन गोरेगांव चुनाव सेंटर के अंदर पाबंदी होने के बावजूद मोबाइल का इस्तेमाल करने के आरोप में दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस ने मंगेश पांडिलकर को मोबाइल देने के आरोप में चुनाव आयोग ने एक कर्मचारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग के अधिकारी गौरव के पास मोबाइल फोन था जो मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट करता है। ये फोन पांडिलकर इस्तेमाल कर रहे थे. पुलिस को शक है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम साढ़े चार बजे तक किया गया है। इसी दौरान दोनों उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी. ईसीआई के पास सभी सीसीटीवी फुटेज हैं जो अब मुंबई पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

### मस्क पर चंद्रशेखर का पलटवार

अमेरिकी चुनावों में ईवीएम को लेकर सवाल उठा था। इस दौरान, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक पोस्ट में कहा कि हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। इस पर भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पलटवार करते हुए कहा कि मस्क की बातें अमेरिका और अन्य जगहों पर सही साबित हो सकती हैं, जहां इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है। लेकिन भारतीय ईवीएम कस्टम डिजाइन, सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं।

### राहुल-अखिलेश का निशाना

इस घटना पर रिएक्शन देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया हैंडल पर पर ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत में ईवीएम एक "ब्लैक बॉक्स" हैं और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी इस घटना पर पोस्ट करते हुए कहा, दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ईवीएम में हेराफेरी के खतरे की ओर खुलेआम लिख रहे हैं, तो फिर ईवीएम के इस्तेमाल की ज़िद के पीछे की वजह क्या है, ये बात भाजपाई साफ़ करें.आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर (मतपत्र) से कराने की अपनी मांग को हम फिर दोहराते हैं।

# रूस ने इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के कब्जे से छुड़ा लिए बंधक

एजेंसी ▸▸| मॉस्को




एक को भी खरोंच नहीं, 6 आतंकी ढेर

रूसी सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोलकर दो जेल कर्मियों को आजाद करा लिया। रूसी बलों ने कार्रवाई के दौरान जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह से जुड़े छह कैदियों को मार गिराया। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आतंकियों ने दो जेल गार्ड को बंधक बना लिया था। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

### आतंकी बाहर निकलने की कर रहे थे मांग

अधिकारियों से बातचीत में कैदियों ने बाहर निकलने की मांग की, लेकिन रूसी सुरक्षा बलों ने इसे स्वीकार करने की जगह जेल पर धावा बोलने का फैसला किया। रूस की संघीय दंड सेवा ने एक बयान में कहा कि बंधकों को मुक्त कराने के लिए 'विशेष अभियान' चलाया गया जिसमें 'अपराधियों को मार गिराया गया है।' जेल सेवा ने कहा कि 'बंधक बनाए गए कर्मचारियों को रिहा कर दिया गया है। वे घायल नहीं हैं।'

**स्विट्जरलैंड की वैश्विक वार्ता में 80 देशों ने कहा**

# यूक्रेन की 'क्षेत्रीय अखंडता' हो शांति समझौते का आधार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की ''क्षेत्रीय अखंडता'' हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। गौरतलब है, यूक्रेन में शांति के लिए रोडमैप पर चर्चा के लिए विश्व के नेता स्विट्जरलैंड में एकत्रित हुए हैं। रूस की अनुपस्थिति के कारण वास्तविक सफलता की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। कीव अपनी मांग पर अड़ा हुआ है कि रूस यूक्रेनी क्षेत्र को छोड़ दे, जिस पर उसने कब्जा कर लिया है, जबकि मास्को अपने आक्रामक अभियान को जारी रखे हुए है और पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। रूस ने शर्त रखी है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छोड़े। भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी को भेजा है। भारत के अलावा ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने भी अपने अधिकारी भेजे हैं।

- भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के तौर पर विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी को भेजा है

### किसी भी संयुक्त घोषणापत्र में शामिल नहीं होगा भारत

स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न शहर में बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में यूक्रेन विवाद पर आयोजित किए गए शांति सम्मेलन के समापन पर भारत ने शनिवार को यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस आयोजन के अंत में जारी किए जाने वाले किसी भी संयुक्त घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं होगा। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने कहा कि भारत का मानना है कि केवल वे विकल्प ही स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं। जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हों। यूक्रेन विवाद को लेकर हम वैश्विक चिंताओं से अवगत हैं और इस समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किसी भी साझा इच्छा का समर्थन करते हैं।

**आप ने भाजपा पर लगाए आरोप**

# दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में आप सरकार में मंत्री आतिशी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर में बीजेपी ने तोड़-फोड़ की है। उनका कहना है कि साउथ दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधुड़ी भाजपा के गुंडों को लेकर छतरपुर के दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर पहुंचे, इन्होंने वहां जमकर तोड़-फोड़ की। हमने इसका वीडियो दिल्ली पुलिस को दे दिया है। अब देखना ये है कि क्या एलजी के अधीन आती दिल्ली पुलिस भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर करेगी?

### तोड़फोड़ का वीडियो भी आया सामने

बता दें कि, दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर का वीडियो भी सामने आया है। जल संकट के बीच लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और दिल्ली जलबोर्ड के दफ्तर में तोड़फोड़ हुई। प्रदर्शनकारी लोगों ने जल बोर्ड ऑफिस पर पथराव किया। पुलिस की मौजूदगी में ये सबकुछ हुआ। बता दें कि दिल्ली में पानी के संकट को लेकर सियासत तेज है और आप सरकार बीजेपी और कांग्रेस के निशाने पर है।

**जदयू ने उठाई आपत्ति, इंडी गठबंधन पर साधा निशाना**

# विपक्ष भी उतारेगा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अब 18वीं लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा? यह सवाल सबकी जुबान पर है। इधर, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि विपक्षी पार्टी भी स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है। हालांकि, विपक्षी पार्टियों का कहना है कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें डिप्टी स्पीकर का पद देता है तो वे स्पीकर के चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। विपक्ष की इस मांग पर जदयू ने आपत्ति जताई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता केसी त्यागी ने इंडी गठबंधन की आलोचना की है।

लोकसभा स्पीकर के चुनाव पर त्यागी ने कहा, 'लोकसभा स्पीकर का पद सदन का सबसे गरिमापूर्ण पद होता है। उस पद पर पहला अधिकार सत्तारूढ़ दल का है। इंडी गठबंधन की मांगें और बयान आपत्तिजनक हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम मानते हैं कि भाजपा एनडीए की बड़ी पार्टी है। उस पद पर भाजपा या एनडीए का पहला अधिकार है। मैं पिछले 35 सालों से एनडीए में हूं। भाजपा ने कभी जनता दल को तोड़ने की कोशिश नहीं की। टीडीपी और जदयू ने अहम भूमिका निभाई है। मगर हम एनडीए को कमजोर करने की कोशिश कभी नहीं करेंगे।'



### इस दिन होगा स्पीकर पद के लिए चुनाव

बता दें कि लोकसभा स्पीकर के लिए 26 जून को चुनाव होना है। मगर सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। इसको लेकर लोकसभा की तरफ से जारी एक बुलेटिन भी जारी किया गया है।18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को खत्म होगा।

## युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शामिल हुआ दल

# भारतीय वायुसेना ने अमेरिका के अलास्का में दिखाया दम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के एक दल ने अमेरिका के अलास्का में आयोजित हुए युद्धाभ्यास रेड फ्लैग 2024 में शिरकत की। यह युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का के इलसन एयर फोर्स बेस पर आयोजित किया गया। यह युद्धाभ्यास 4 जून से 14 जून तक आयोजित हुआ, जिसमें अमेरिका के साथ ही भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन, नीदरलैंड, जर्मनी की वायुसेनाएं शामिल हुईं।




### चार बार आयोजित होता है रेड फ्लैग युद्धाभ्यास

रेड फ्लैग 2024 का यह दूसरा संस्करण था। रेड फ्लैग युद्धाभ्यास एक एडवांस कॉम्बैट ट्रेनिंग एक्सरसाइज है। यह युद्धाभ्यास साल में चार बार आयोजित होता है। भारतीय वायुसेना के दल में राफेल फाइटर जेट और एयर क्रू के साथ ही तकनीशियन, इंजीनियर, कंट्रोलर और विषयों के विशेषज्ञ शामिल रहे। युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए आते वक्त राफेल फाइटर जेट को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर की मदद से हवा में ही ईंधन भरा गया। वहीं दल के सदस्यों को लाने के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर विमान का इस्तेमाल किया गया। भारतीय वायुसेना का दल 29 मई को अलास्का स्थित इलसन एयर बेस पहुंच गया था।

### आधुनिक लड़ाकू विमान शामिल

रेड फ्लैग एक्सरसाइज के दौरान युद्ध जैसे हालात बनाकर अभ्यास किया गया। वांछित वातावरण के लिए बलों का सीमांकन किया गया, जिसमें रेड फोर्स ने डिफेंस किया और ब्लू फोर्स ने आक्रामण किया। इस अभ्यास में रेड फोर्स मुख्य रूप से अमेरिकी वायुसेना की एग्रेसर स्क्वॉड्रन द्वारा बनाई गई थी, जिसमें एफ-16 और एफ-15 जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान थे।

कुछ जीएसटी के फील्ड ऑफिसर्स कर रहे थे दुरुपयोग

# जीएसटी डिमांड ऑर्डर से जुड़े नियमों में बदलाव, नई गाइडलाइन की जारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

जीएसटी डिमांड ऑर्डर से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है। कुछ जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स द्वारा इस नियम का दुरुपयोग करने के चलते सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने नई गाइडलाइंस जारी की हैं. इनके अनुसार अब जीएसटी डिमांड ऑर्डर भेजने से पहले अधिकारियों की मंजूरी लेनी होगी।

## तय समय से पहले पेमेंट मांगने का कारण बताना होगा

जीएसटी डिमांड ऑर्डर मिलने के बाद आपके पास इसके खिलाफ अपील करने या पेमेंट करने का ऑप्शन होता है। हालांकि, अगर जीएसटी अधिकारियों को लगता है कि इंट्रेस्ट ऑफ रेवेन्यू के लिए 3 महीने से पहले पेमेंट मांगना जरूरी है, तो वो ऐसा कर सकते हैं. सीबीआईसी को जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स इस नियम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं. इसके चलते कंपनियों को राहत देने के लिए नियमों में बदलाव किया गया है. अब जीएसटी अधिकारियों को तय समय (3 महीने) से पहले पेमेंट मांगने का कारण बताना होगा।



## टैक्सपेयर्स पर दबाव बनाने के लिए हो रहा था इस्तेमाल

सीबीआईसी द्वारा 30 मई को जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार टैक्सपेयर्स पर अनावश्यक दबाव बनाने के लिए जीएसटी डिमांड ऑर्डर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। अब फील्ड ऑफिसर्स को जीएसटी डिमांड रिकवरी प्रोसेस शुरू करने से पहले उच्च अधिकारियों को कारण बताना होगा। साथ ही इसकी मंजूरी भी लेनी होगी. इसके बाद प्रिंसिपल कमिश्नर या कमिश्नर ऑफ सेंट्रल टैक्स इन कारणों की समीक्षा करेंगे। उनकी मंजूरी के बाद ही जीएसटी डिमांड ऑर्डर जारी किया जा सकेगा। कई मामलों में टैक्सपेयर्स को पेमेंट करने के लिए सिर्फ 15 से 30 दिन का समय ही दिया गया था। ऐसा आदेश जारी करते समय पर्याप्त कारण भी नहीं बताए जाते थे। सर्कुलर में इंट्रेस्ट ऑफ रेवेन्यू नियम का इस्तेमाल करने के कारणों को भी स्पष्ट किया गया है। इसके अनुसार अगर निकट भविष्य में बिजनेस बंद होने की आशंका हो, डिफॉल्ट की गुंजाईश नजर आ रही हो या दिवालिया प्रक्रिया शुरू होने की आशंका नजर आ रही हो तो यह कार्रवाई की जा सकती है। इन कारणों को आधार बनाकर ही भविष्य में इंट्रेस्ट ऑफ रेवेन्यू वाले जीएसटी डिमांड ऑर्डर जारी किए जा सकेंगे।

## जीएसटी डिमांड ऑर्डर मिलने के बाद आपके पास होते हैं दो ऑप्शन

कर सलाहकार मृदुल आर्य ने बताया कि फिलहाल जीएसटी डिमांड ऑर्डर मिलने के बाद आपके पास दो ऑप्शन होते हैं। पहला इसे चैलेंज करने का या फिर आप पेमेंट कर सकते हैं। सिर्फ 3 महीने का समय दिया जाता है. अपील करने पर आपको जीएसटी लॉ के अनुसार, प्री डिपॉजिट अमाउंट जमा करना होगा है। इसके बाद केस का निपटारा होने तक आपके खिलाफ वह जीएसटी डिमांड कायम रहेगी. अगर आपने 3 महीने तक अपील नहीं की तो जीएसटी अधिकारी आपके खिलाफ रिकवरी प्रोसेस शुरू कर सकते हैं।

## नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने एक नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के करनाह कस्बे में पुलिस और सेना ने संयुक्त रूप से नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और 500 ग्राम हेरोइन के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया, खुफिया जानकारी मिली कि एक व्यक्ति सीमावर्ती शहर करनाह में हेरोइन खरीदने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार लोगों की पहचान खावरपारा करनाह निवासी स्वर्गीय मोहम्मद शफी शेख के बेटे शफीक अहमद शेख और बागबल्ला निवासी अहमद मलिक के बेटे तारिक अहमद मलिक के रूप में हुई है।

## प्रतियोगिता दर्पण का सिविल सेवा स्पेशल अंक अब बाजार में उपलब्ध

**आगरा।** प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण जून 2024 अंक सिविल सेवा स्पेशल के रूप में बिक्री के लिये जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के सम्पादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक में "सिविल सेवा तथा पीसीएस (प्रा.) '' जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रकाशित किया गया है जिसका अध्ययन सफलता प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। श्री जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे झारखण्ड सिविल सेवा प्रा., 69वीं बीपीएससी (मुख्य) आदि के साथ उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. प्रा., बीपीएससी प्रधानाध्यापक परीक्षाओं के लिए विशेष मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अन्त में श्री जैन ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण यह अंक परीक्षार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जागृत करेगा अपितु परीक्षाओं में सफलता प्रदान कर कामयाबी के उच्च शिखर पर भी पहुँचाएगा।




## किसी भी टीम को हरा सकता है अमेरिका

**लॉडरहिल।** अमेरिका के उप कप्तान आरोन जोन्स ने कहा कि अगर उनकी टीम उचित तरीके से और अपनी क्षमता के अनुसार क्रिकेट खेलती है तो वह दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकती है।

# गुटबाजी ने विश्व कप में किया पाकिस्तान का बेड़ा गर्क

**टीम में तीन गुट, बाबर, अफरीदी और रिजवान कर रहे अगुवाई : सूत्र**

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान के टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के लिए टीम के भीतर गुटबाजी और महत्वपूर्ण क्षणों में वरिष्ठ खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इस लचर प्रदर्शन के बाद टीम के साथ ही पीसीबी में भी 'बड़े बदलाव' हो सकते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक, कप्तान के रूप में वापसी पर बाबर आजम के सामने सबसे बड़ी चुनौती टीम को एकजुट करने की थी लेकिन गुटबाजी के कारण वह ऐसा नहीं कर सके। शाहीन शाह अफरीदी कप्तानी गंवाने और बाबर द्वारा जरूरत पड़ने पर उनका समर्थन नहीं करने से नाराज हैं जबकि मोहम्मद रिजवान कप्तानी के लिए विचार नहीं किए जाने से नाखुश हैं। टीम के सूत्र ने कहा, 'टीम में तीन गुट हैं, एक का नेतृत्व बाबर आजम कर रहे है तो वहीं दूसरे खेमे की अगुवाई अफरीदी और तीसरे की रिजवान कर रहे हैं। इमाद और आमिर की वापसी ने भ्रम बढ़ा दिया क्योंकि बाबर के लिए इन दोनों से कोई सार्थक प्रदर्शन प्राप्त करना मुश्किल था। इन दोनों ने फ्रेंचाइजी आधारित लीगों को छोड़कर लंबे समय से शीर्ष स्तर की घरेलू या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला था।' सूत्र ने कहा, ''ऐसे भी उदाहरण थे जहां कुछ खिलाड़ी एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे थे और उनमें से कुछ ने टीम के तीनों खेमों की अगुवाई कर रहे खिलाड़ियों को खुश करने की भी कोशिश की।'



## पीसीबी को थी जानकारी

पीसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी को विश्व कप से पहले ही टीम की समस्याओं के बारे में अच्छी तरह से पता था। उनके करीबी और राष्ट्रीय चयनकर्ता वहाब रियाज ने उन्हें इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, 'नकवी ने सभी खिलाड़ियों के साथ अकेले में दो बैठकें की और निजी हितों की जगह विश्व कप जीतने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। उन्होंने उन्हें विश्व कप के बाद टीम में सभी गलतफहमियों को दूर करने का वादा भी किया था लेकिन बात नहीं बनी। मैं बाबर का बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन एक कप्तान को क्या करना चाहिए जब आपका प्रमुख गेंदबाज कमजोर अमेरिका टीम के खिलाफ अंतिम ओवर में 15 रनों का भी बचाव नहीं कर सकता और फुल टॉस पर एक चौका और छह रन दे देता है।'

**चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार के खिलाफ भी कार्रवाई का संकल्प लिया**

# चीन के खिलाफ जी-7 देश एकजुट आर्थिक प्रतिबंधों का प्रस्ताव मंजूर

एजेंसी ▶▶| रोम

*शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 में शामिल मेजबान इटली के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और कनाडा ने चीन के खिलाफ दो संकल्पों को मंजूरी दी। इनमें उन संस्थाओं के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने का वादा किया है, जिन्होंने धोखाधड़ी से तेल की ढुलाई करके रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है।*

दुनिया की सात सबसे बड़ी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में चीन के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के संकल्प प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

इस पर भी सहमति जताई कि उन चीनी कंपनियों के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जिन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद की है। खासतौर पर चीन के उन वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए हथियार हासिल करने में मदद की है। शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 में शामिल मेजबान इटली के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और कनाडा ने चीन के खिलाफ दो संकल्पों को मंजूरी दी। इनमें उन संस्थाओं के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने का वादा किया है, जिन्होंने धोखाधड़ी से तेल की ढुलाई करके रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है।

जी-7 नेताओं ने साझा वक्तव्य में कहा, वे यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद करने वाली तीसरे देशों की संस्थाओं और व्यक्तियों को अपनी वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच से प्रतिबंधित करेंगे। जी-7 ने चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार के खिलाफ भी कार्रवाई का संकल्प लिया है। खासतौर पर चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने पर जोर देने की बात कही है। इसके अलावा, चीन को निर्यात नियंत्रण के जरिये आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने से परहेज करने की चेतावनी दी गई है, खासतौर पर चिप व इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में काम आने वाले अहम खनिजों पर एकतरफा निर्यात प्रतिबंधों को अनुचित करार दिया। जी-7 ने चीन की कुटिल चालों से अपने व्यवसायों की रक्षा करने और चीन के साथ व्यापार में संतुलन लाने के लिए कार्रवाई करने की बात की है।




## मेलोनी के विरोध के बाद गर्भपात अधिकार का मुद्दा छोड़ा

समूह अपने साझा बयान में गर्भपात के अधिकार को लेकर प्रतिबद्धता से पीछे हट गया है। पिछले साल जापान में हुए शिखर सम्मेलन में समूह के नेताओं ने दुनिया में सुरक्षित और कानूनी गर्भपात तक महिलाओं की पहुंच के मुद्दे को उठाया था, लेकिन अब इस मुद्दे को छोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलनी के विरोध के बाद इस मुद्दे को मसौदे में शामिल नहीं किया गया। मेलनी के रवैये से फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों नाराज भी हो गए।

## दक्षिण चीन सागर में भी ड्रैगन की हरकतों का विरोध

*मसौदा बयान में कहा गया, हम दक्षिण चीन सागर में चीन के सैन्य बल और समुद्री मिलिशिया के खतरनाक इस्तेमाल और देशों की गहरे समुद्रों में नौवहन की स्वतंत्रता में बार-बार बाधा डालने, बलपूर्वक एवं धमकाने वाली गतिविधियों का विरोध करना जारी रखेंगे।*

## यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप है : बोल्ट

**तारोबा।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है।'

## पाकिस्तानी क्रिकेटरों के वेतन में होगी कटौती

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपनी टीम के टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


# कलाकारों ने की पिता की तारीफ, बताया अपना रोल मॉडल



**मुंबई।** फादर्स डे के खास मौके पर उन बेमिसाल पुरुषों का सम्मान किया गया, जो अपने प्यार, मार्गदर्शन और अटूट सहयोग से जीवन को आकार देते हैं। इंटरनेशनल फादर्स डे पर एण्डटीवी के एक्टर्स ने संदेश में एक पिता और उनकी संतानों के बीच के गहरे भावनात्मक सम्बंध की मार्मिक झलक दी है। अटल में कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया कि मेरे पिता एक थियेटर आर्टिस्ट हैं। ऑडिशंस, रिजेक्शंस और खुद पर शक होने पर मुझे सबसे ज्यादा ताकत उन्हीं से मिली। उन्होंने हमेशा मुझे सहयोग दिया और अपनी आकांक्षाएं पूरी करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने मुझे कई चुनौतियों और अनिश्चितताओं से गुजरते देखा, लेकिन मेरी लगन और जुनून भी उनके सामने थी। उन्हें सिर्फ मुझे मिली भूमिकाओं पर गर्व नहीं है, बल्कि मेरी ताकत और दृढ़ता पर भी उन्हें नाज़ है। पिता के प्यार, मजबूती और विश्वास ने मुझे यह मुकाम दिया है। 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी ने बताया कि पिता ने खुद के साथ न्याय करने, अपनी खूबियों को अपनाने व खुद से प्यार करने और विनम्र रहने जैसे जरूरी गुण दिये हैं। उन्होंने मुझे कड़ी मेहनत, अनुशासन और चीजों की असली कीमत समझने का महत्व बताया और यह सबक मेरी निजी तथा पेशेवर तरक्की में हमेशा काम आए। 'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी, यानि शुभांगी अत्रे ने बताया कि हम सिर्फ बहनें थीं और पिताजी ने हमें बड़ा किया, हमारे सपनों का समर्थन किया। एक यादगार पल तब का है, जब मैंने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक पाये थे और दूसरा तब का है, जब पिताजी ने मुझे पहली बार स्क्रीन पर देखा था। साधारण गतिविधियों को मायने रखने वाले और सिखाने वाले अनुभवों में बदल देने की उनकी कला ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। अपने काम के लिये उनके समर्पण और हमारे परिवार के लिये उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने मुझे जिम्मेदारी और प्यार के सही मायने समझाए हैं।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5544



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 5543 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | स | ह | यो | ग | | अ | दा | व | त |
| र | क्स | | रा | | ग | रु | ड़ | | न | र |
| ख | | स | ना | त | न | | ना | म | | क |
| र | फ्ता | र | | | चुं | गी | | त | म | स |
| खा | | मा | | चा | बी | | सी | | ही | |
| व | ल | या | का | र | | प | रा | या | प | न |
| | क | | या | | का | ल | | द | | क |
| द | वा | त | | भ | ला | | | गा | य | ब |
| र | | र | ज | | बा | जी | ग | र | | ज |
| क | र | | ल | ह | जा | | र्ज | | खा | न |
| ना | जा | य | ज | | र | घु | ना | य | क | |

## सूडोकू नवताल- 5555

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5554 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |



# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।

लाइफ Style



# सोनम
## कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।




# प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।



# 'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।



# 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

**मुंबई।** अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

## टीवी मसाला



# 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

***मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज :*** रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

***शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा :*** सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

### 2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।

### करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

# सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क

*मुंबई। कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।*

***सलमान और सुष्मिता सेन :*** *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*



***रेखा और जीनत अमान :*** *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*



***रीना रॉय और अश्मित पटेल :*** *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*



***अमृता अरोड़ा और अमृता राव :*** *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

# फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...



**मुंबई।** हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

## 16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

# मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

*मुंबई। बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।*

### फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

### फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।



### कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।



### हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

### ...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

# यूरो कप : अल्बानिया ने सबसे तेज 23वें सेकंड में दागा गोल, लेकिन जीता इटली

एजेंसी ▸▸ डॉर्टमंड

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।





## बजरामी ने रचा इतिहास

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी।

## स्पेन के दानी सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर

स्पेन ने क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। स्पेन के लिए कप्तान अल्वारो मोराटा ने 29वें मिनट, फैबियन रूइज ने 32वें मिनट और कार्वाहाल ने 45+2वें मिनट में गोल दागे। दूसरे हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, क्रोएशिया की टीम को पेनल्टी मिला था, लेकिन टीम उसमें गोल करने में नाकाम रही। ग्रुप-बी का दूसरा मुकाबला इटली और अल्बानिया के बीच खेला जाएगा। दानी कार्वाहाल यूरो कप में 32 वर्ष और 156 दिन की उम्र में गोल दागा। वह स्पेन के लिए इस टूर्नामेंट में गोल स्कोर करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनके



गोल को 16 साल 338 दिन की उम्र के लैमिन यमाहाल ने असिस्ट किया। यमाहाल प्रतियोगिता के इतिहास में असिस्ट करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

## खबर संक्षेप



### रंधावा लीजेंड्स टूर के क्वार्टर में हारे

**हर्टफोर्डशर।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

### कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: राठौड़

**लॉडरहिल।** विराट कोहली मौजूदा टी20 विश्व कप में अभी तक तीन मैच में केवल पांच रन बना पाए हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम



राठौड़ ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है क्योंकि नेट पर वह बेहतरीन लय में लग रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में अभी तक इस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ चार रन ही बनाए जबकि अमेरिका के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे।

### त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं

**अगरतला।** जिम्नास्टिक में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार हासिल करने वाले कोच बिश्वेश्वर नंदी को त्रिपुरा के जिमनास्टों से वैश्विक मंच पर चमकने की उम्मीद है। नंदी शीर्ष जिमनास्ट दीपा करमाकर के कोच



भी हैं, जो 2016 रियो ओलंपिक में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। नंदी ने कहा, 'त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं हैं। छह से सात लड़कियां राष्ट्रीय स्तर ही नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता दिखा रही हैं। जिम्नास्टिक एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, चोट लगने की संभावना वाला और तकनीकी खेल है। इसमें कोच का उचित मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है।'

### महिला टीम 5वें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली।

## क्रिकेट : स्कॉटलैंड के भी 5 अंक, पर इंग्लैंड रन रेट में बेहतर

# ऑस्ट्रेलिया जीता, स्कॉटलैंड की हार से सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

एजेंसी ▸▸ ग्रॉस आइलेट

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर-8 में जगह पक्की की। बेहतर रनरेट के कारण ग्रुप बी के सभी मैचों के बाद इंग्लैंड दूसरे नंबर पर रहा, जबकि स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर फिनिश किया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया।



## हेड-स्टोइनिस ने जोड़े 80 रन

बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। हेड ने 49 गेंद की अपनी पारी में 5 चौके और चार छक्के लगाए। स्टोइनिस ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अपनी पारी में 29 गेंद का सामना किया तथा 9 चौके और दो छक्के लगाए। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

## मैकमुलेन की तूफानी पारी बेकार

ब्रैंडन मैकमुलेन ने तूफानी बल्लेबाजी की और महज 34 गेंदों पर 60 रन बना दिए। इस दौरान उन्होंने छह छक्के और दो चौके लगाए। कप्तान रिची बेरिंगटन ने 31 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की पारी खेली, जिसमें दो छक्के के अलावा एक चौका शामिल रहा। ओपनर बैटर जॉर्ज मुन्से ने भी 35 रनों की पारी खेली।

## इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया



*नॉर्थ साउंड। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया। बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई।*

## ओलंपिक क्वालीफायर

# तीरंदाज अंकिता भगत ने हासिल किया व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा



एजेंसी ▸▸ अंताल्या

भारतीय तीरंदाज अंकिता भगत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था।

इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

## 6-2 से जीती तीसरी वरीय भजन कौर

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 (29-27, 28-26, 26-29, 27-24) से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी।

## टी20 विश्व कप

# नेपाल पर जीत से अगले दौर में जगह बनाने उतरेगा बांग्लादेश



एजेंसी ▸▸ किंग्सटाउन

बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।

### नीदरलैंड से सतर्क रहेगा श्रीलंका

*ग्रॉस आइलेट। टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए बेताब श्रीलंका को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के यहां होने वाले मैच में नीदरलैंड से सतर्क रहना होगा। श्रीलंका की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और वह अपने ग्रुप में पांचवें स्थान पर है जबकि नीदरलैंड तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा की खातिर नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में अपना सब कुछ झोंक देगा।*

### न्यूजीलैंड की निगाहें पीएनजी के खिलाफ बड़ी जीत पर

*टरूबा। पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया।*

### चेन्नई से शरत कमल और बेंगलुरु से मनिका 'रिटेन'

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए 'रिटेन' (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैम्पियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को 'रिटेन' किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिए बरकरार रखा है। यह चरण पहली बार आठ टीमों के बीच खेला जाएगा जो पहले छह टीम का हुआ करता था। इसमें अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियोट्स की टीम नई हैं। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार छह मौजूदा फ्रेंचाइजी एक भारतीय खिलाड़ी को 'रिटेन' कर सकती थीं।

### टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने भारत बने नेतृत्वकर्ता

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है। वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को 'नेतृत्वकर्ता की भूमिका' निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। तीन अन्य पूर्ण सदस्य आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे 2019 में शुरू की गई चैंपियनशिप का कभी हिस्सा नहीं रहे।

# लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी, जीता रजत पदक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था।



### पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शनिवार को स्पेन के पूर्व विश्व नंबर 37 बर्नबे जापाटा मिरालेस पर 7-6 (7-2) 1-6 6-2 से जीत हासिल करके पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनकी नजर इस साल अपने तीसरे खिताब पर है। इटली के लुसियानो डार्डेरी और जर्मनी के डेनियल अल्टमायर के बीच होने वाले मैच में जीतने वाला खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेगा और उसका सामना सुमित नागल से होगा। 26 वर्षीय नागल जो अब विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वोच्च 77वें स्थान पर हैं, उन्हें पहले सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेकर में स्पेनिश खिलाड़ी को मात दी। लगातार टेनिस खेलते हुए नागल ने जर्मनी में हीलब्रॉन चैलेंजर की शुरुआत के बाद से लगातार नौवीं जीत हासिल की, जिसे उन्होंने इस महीने की शुरुआत में जीता था।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 01/एस.ए.सी./अनूपपुर/2024–25 अनूपपुर, दिनांक 14/06/2024

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू.लाखं) | टेण्डर फार्म की राशि | घरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2024_PWDRB _351058_1 | अनूपपुर | 8443 डिपाजिट | जैतहरी सिवनी सेमरवार मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी (कि.मी. 1 से 7) अनुबंध क्र. 12/ डी0एल0 /2020–21 दिनांक 06.07.2020 परफारमेंस गारंटी के अन्तर्गत | प्रथम | 4.34 | 2000/- | 8680/- | 02 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 2 | 2024_PWDRB _351060_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | न्यायालय कैम्पस कोतमा में न्यायालय भवन का रंगाई, पोताई एवं मरम्मत का कार्य | प्रथम | 5.91 | 2000/- | 11820/- | 02 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 3 | 2024_PWDRB _351061_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभाग राजेन्द्रग्राम के अन्तर्गत उपखण्ड राजेन्द्रग्राम के शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्म्त कार्य | प्रथम | 8.36 | 2000/- | 16720/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 4 | 2024_PWDRB _351062_1 | अनूपपुर | 8443 डिपाजिट | मॉं शारदा कन्या विद्यापीठ पोंड़की में पैथालाजी सह–क्लीनिक लैबोरेटरी का कार्य | प्रथम | 11.56 | 2000/- | 23120/- | 03 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 5 | 2024_PWDRB _351063_1 | अनूपपुर | 8443 डिपाजिट | मॉं शारदा कन्या विद्यापीठ पोंड़की राजेन्द्रग्राम में 03 नग क्लास रूम का निर्माण कार्य | प्रथम | 9.63 | 2000/- | 19260/- | 03 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| | | | | कुल योग 05 नग | | 39.80 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 17.06.2024(10.30 ए.एम.) से अंतिम तिथि28.06.2024,(17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.)
संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

G-11807/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




गंगा दशहरा पर लगी श्रद्धा की डुबकी

# गूंजा हर गंगे, हर-हर नर्मदे का उद्घोष

हरिभूमि जबलपुर।



गंगा दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर पुण्य सलिला माँ नर्मदा के विभिन्न तटों पर कल सुबह से ही नर्मदा स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही और शाम को महाआरती के वक्त भारी जनसैलाब यहां उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे हर हर नर्मदे के उद्घोष के साथ नर्मदा नदी के पावन तटों पर श्रद्धा व आस्था की डुबकी लगाई। गंगा दशहरे का भले ही गंगा के तटों में मुख्य रुप से बनाया जाता है लेकिन नर्मदा तट पर भी पूरी श्रद्धा के साथ गंगा दशहरे का पर्व मनाया जाने लगा है। इस दिन श्रद्धालु माँ नर्मदा में गंगा जल अर्पण कर माँ गंगा का आव्हान करते हैं और स्नान ध्यान कर मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हैं इस बात का पुराणों में भी उल्लेख है कि पुण्य सलिला गंगा के स्नान से जो पुण्य मिलता है वही पुण्य माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से भी प्राप्त होता है। यही वजह है कि गंगा दशहरे के पर्व पर नर्मदा तटों पर लोग गंगाजल लेकर पहुंचे और जल अर्पित कर माँ गंगा का आह्वान किया और पूजन-अर्चना की। ऐसी मान्यता है कि गंगा मैया लोगों के पाप धोते-धोते थक गयी तब माँ नर्मदा जी ने गंगा को आशीर्वाद दिया कि तुम साल में एक बार हमसे मिलकर पूरे पाप धो सकती हो और तभी से साल में एक बार गंगा दशहरा पर गंगा मैया नर्मदा से मिलने आती है।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को श्री गंगा दशहरा मनाया जाता है इस दिन मां गंगा शिव लोक से भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर पहुंची थीं, इसलिए इस दिन को श्री गंगा दशहरा के रूप में जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थीं। धर्मग्रंथों के अनुसार ऋषि भागीरथ के पूर्वजों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए उन्हें बहते हुए निर्मल जल की आवश्यकता थी। जिसके लिए उन्होंने माँ गंगा की कड़ी तपस्या की जिससे माँ गंगा पृथ्वी पर अवतरित हो सके। श्रीगंगा जी ने प्रसन्न होकर धरती पर अवतरित होने की बात मान ली, लेकिन उनका वेग इतना तीव्र था कि धरती पर आने से प्रलय आ सकता था, तब भागीरथ ने एक बार फिर तपस्या कर भगवान शिव शंकर जी से मदद की गुहार लगाई, भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं से होकर धरती पर जाने के लिए कहा ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन श्रीगंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुई तब से वह दिन 'श्रीगंगा दशहरा' के नाम से जाना जाता है। माना जाता है माँ गंगा अपने साथ पृथ्वी पर संपन्नता और शुद्धता लेकर आई थी। तब से आज तक गंगा पृथ्वी पर मौजूद है। जिनका प्रवाह आज भी शिव जी की जटाओं से ही हो रहा है। श्री गंगा दशहरा के दिन जो भी व्यक्ति पानी में श्री गंगा जल मिलाकर गंगा मंत्र का दस बार जाप करते हुए स्नान करता है, चाहे वो दरिद्र हो, असमर्थ हो वह भी गंगा की पूजा कर पूर्ण फल प्राप्त हो जाता है।

आधा सैंकड़ा ट्रेन रद्द, हजारों यात्री रिफंड के लिये परेशान

# गोंदिया रेल खंड पर 19 जून को मेगा ब्लॉक से ट्रेनें प्रभावित



**जबलपुर।** बिलासपुर रेलवे जोन की सीमा में पटरियों की मरम्मत जारी है। वहीं प्रयागराज से बीना और मदनमहल तक में पटरियों में काम चल रहा है। इसके अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेल में निर्माण कार्य के अंतर्गत नागपुर मंडल में गोंदिया-बल्लारशाह एवं गोंदिया हिरड़ामाली रेलखंड पर 19 जून को 20 घंटे का मेगा ब्लाक लगाया जा रहा है। जिसके इस चौतरफा प्रभाव के चलते जबलपुर आने और जबलपुर से जाने वाली गाड़ियां भी प्रभावित हो रही हैं। जबलपुर से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद करने की वजह से जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों से लेकर यहां से गुजरने वाली ट्रेनों तक को रद किया गया है। कुल मिलाकर आधा सैंकड़ां ट्रेने रद्द हुई हैं, जिसके चलते हजारों की संख्या में यात्री प्रभावित हैं। ट्रेनों के रद होने के बाद रेलवे ने यात्रियों की टिकट का पैसा वापस करना शुरू कर दिया है। जबलपुर रेल मंडल के सभी आरक्षण और करेंट काउंटर पर व्यवस्था की गई है। लेकिन संख्या इतनी अधिक है कि यात्री घंटों घंटों रिफंड के लिये परेशान हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि काउंटर से ली गई टिकट को वापस करने के बाद पैसा लेने की प्रक्रिया लंबी होने से यात्री परेशान हैं। जबलपुर के आरक्षण केंद्र में भी ऐसे ही हालात है। इधर ट्रेन रद होने के बाद लगभग 50 हजार से ज्यादा यात्रियों द्वारा काउंटर से ली गई टिकट वापस की जाने हैं। यहां एक तकनीकी समस्या यह भी है कि जिस शहर के काउंटर से टिकिट ली गई है, उसी शहर के काउंटर में रिफंड मिलेगा, वो भी एक तय सीमा के अंदर यात्रियों को अपना रिफंड लेना है। समस्या यह है कि एक यात्री की संख्या भी अधिक है जिन्होंने जबलुपर से टिकिट ली है लेकिन फिलहाल वे दूसरे शहरों में हैं। मांग की जारी है व्यवहारिक कठिनाईयों को देखत हुये रेलमंडल रिफंड की मियाद बढ़ाए और नियम आसान करे।

## फिनिश करने के नाम पर कारीगर हड़प गया 32 लाख के जेवर

**जबलपुर।** सराफा में जेवरों के फिनिश करने के नाम पर वर्षों से कारीगरी करने वाले आरोपी ने 32 लाख के जेवर हड़प लिये। आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा ज्वेलर्स में वर्षों से बंगाली कारीगर मेघनाथ पातरा अनफिनिश सोने के जेवरों को फिनिश करने का काम करता था। 22 मार्च को वह 560 ग्राम 800 मिलिग्राम कुल वजन के सोने के जेवर फिनिश करने ले गया था। जेवरों की कीमत 32 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। उसे यह जेवर चार दिन में लौटाने थे, लेकिन वह हड़प गया। फोन लगाने पर कलकत्ता में होना बता रहा है। कभी कुछ बहाने कर रहा है। पुलिस ने दुकान संचालक राजा सराफ की शिकायत पर आरोपी मेघनाथ पात्रा के खिलाफ धारा 406 का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुर की है।




घमापुर चुंगी नाका पर वारदात

# देर रात बदमाशों ने की बिना वजह छात्र की हत्या



**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत चुंगी नाका के पास कल रात उस समय एक होनहार छात्र की बिना वजह बदमाशों ने विवाद करते हुये चाकू से बिना वजह हत्या कर दी, जब शहरभर की पुलिस रात्री गश्त में व्यस्त थी। हत्या की ठीक ठीक वजह सामने नहीं आई है। लेकिन कहा जा रहा है देर रात बदमाशों ने रादुविवि में एमसीए की पढ़ाई कर रहे। छात्र को घेरा और उसपर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकू के हमले के बाद जान बचाकर भागा युवक अपने भाई और दोस्तों को जानकारी दी। जब तक घटना स्थल पर उसके साथी पहुंचते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस हमले में उसका एक दोस्त भी घायल हुआ है जो अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती है। मृतक बालाघाट का बताया गया है जो यहां हास्टल में रहकर पढ़ाई करता था। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की विस्तृत जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट निवासी 27 वर्षीय शुभम भूमरडे पीएससी की परीक्षा के लिए किताबें लेने कुछ दिन पहले ही अपने दोस्तों के पास जबलपुर आया था। गत रात में शुभम और उसका साथी मानस हॉस्टल से निकले तभी सतपुला मार्केट के आसपास नशे की हालत में आधा दर्जन से अधिक गुंडों ने दोनों को घेर लिया। गुंडों ने किसी प्रकार की कोई बात नहीं की और सीधे चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकुओं से हमले में शुभम जमीन पर गिर पड़ा और मानस जान बचाकर हॉस्टल की ओर भागा। हमले में शुभम की मौके पर मौत हो गई है। मानस के एक दोस्त तनुज साहू ने बताया कि मानस जेईसी के एमसीए कर रहा था और शुभम आरडीवीवी से एमसीए कर रहा था। मृतक शुभम भूरमाडे के पिता युवराज भूरमाडे ने बताया कि बेटा 2 दिन की पहले ही जबलपुर आया था। बेटा शुभम पीएससी की तैयारी के लिए बुके लेने के लिए जबलपुर आया था। रात में वह अपने दोस्त मानस के साथ टहलने के निकला था, तभी अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। शुभम का किसी से कोई विवाद नहीं था, पता नहीं बदामशों ने उसे क्यों मार डाला।

## किशोर-बाल श्रमिक से काम करा रहे संस्थान पर प्रकरण दर्ज


**जबलपुर।** श्रमायुक्त एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त की टीम ने बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम अंतर्गत सघन जांच व कार्यवाही की। इस दौरान एकता चौक स्थित संस्थान सब्यसाची कॉर्नर का बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 एवं न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 संस्थान में तीन किशोर श्रमिक पाए गए। किशोर के मां-बाप से संपर्प कर उन्हें समझाईश दी गई एवं नियोजक को 14 से 18 वर्ष के बीच किशोर श्रमिक रखने पर एरिया इंस्पेक्टर को इसकी सूचना देने एवं प्रावधानों से अवगत कराया। सभी किशोर श्रमिक विद्यालय में अध्ययनरत पाए गए। साथ ही बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध प्रकरण भी बनाया गया। ज्ञात हो कि बाल श्रमिक नियोजित करने पर बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम अंतर्गत अंतर्गत 6 माह से 02 वर्ष तक के कारावास एवं 50 हज़ार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## महादेव एप का सट्टा खिलाते आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर कजरवारा रोड स्थित नर्मदा होम्स कालोनी के गेट के समीप ऑनलाईन सट्टा खिला रहे एक संदेही को दबोच लिया। आरोपी का मोबाइल चेक करने पर पता चला कि वह रायपुर के महादेव ग्रुप स्काई एक्सचेंज से आईडी लेकर सट्टा खिला रहा था। आरोपी युवक के पास से दो मोबाइल फोन व नगदी चार हजार रुपये जब्त किये गये। आरोपी सटोरिया के खिलाफ धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे अभिरक्षा में लिया गया। गोराबाजार थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंडाते ने बता कि कल रात क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि कजरवारा रोड स्थित नर्मदा होम्स कालोनी गेट के आगे एक युवक आईडी के माध्यम से सट्टा खिला रहा है। थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की साण टीम ने मौके पर दबिश देकर शनि लालवानी को दबोच लिया। मोबाइल चेक करने पर पता चला कि शनि रायपुर के महादेव ग्रुप से आईडी लेकर सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने सटोरिया शनि लालवानी के पास से दो मोबाइल फोन चार हजार रुपये व सट्टे का हिसाब वाली डायरी जब्त की है।

## हार्ट अटैक से ड्राइवर की मौत

**जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत कल सुबह एक कागज निर्माता कंपनी में एक ड्राइवर मृत हालत मिला। पेपर मिल के श्रमिकों का कहना है कि ड्राइवर की मौत हार्ट अटेक से हुई है। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। रांझी पुलिस ने बताया कि कंदराखेड़ा पनागर निवासी शिवकुमार कुशवाहा कल सुबह जाबालि पेपर इंडस्ट्रीज एरिया में एक व्यक्ति की मृत्यु होने की जानकारी पर पहुंचा था। शिवकुमार ने देखा कि उसके पहचान का ढीमरखेड़ा कटनी निवासी ड्राइवर अमित सिंह ठाकुर मृत हालत में पड़ा था। जाबालि पेपर इंडस्ट्रीज एरिया में ड्राइवर अमित सिंह सुबह 4 बजे पानी गिरते समय उठकर अंदर आकर सो गया था। जब लेबरों ने गाड़ी खाली करने ड्राइवर को उठाया तो वह नहीं उठा।




# आईजी, डीआईजी, एसपी ने की रात भर काम्बिंग गश्त

### दुराचार के आरोपी सहित 377 फरार वारंटी गिरफ्तार



**जबलपुर।** डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देश पर शनिवार की रात से रविवार की सुबह 5 बजे तक आईजी डीआईजी एसपी सब काम्बिंग गश्त के लिये रात भर गश्त पर रहे। पुलिस थानों की टीम रात भर काम्बिंग गश्त करती रही। इस दौरान वर्षों से फरार 377 वारंटी पकड़े गये। दराअसल डीजीपी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह काम्बिंग गश्त चलाई गई थी। जबलपुर जोन के आईजी अनिल सिंह कुशवाहा, जबलपुर रेंज के डीआईजी टीके विद्यार्थी सहित तमाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रात भर सड़कों पर काम्बिंग गश्त का जायजा लेते रहे। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने थानों के पुलिस बल को पुलिस कंट्रोल रूम से ब्रीफ करके रवाना किया था। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि नाईट काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक थाने में 2-3 टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए "नाईट काम्बिंग ऑपरेशन" के दौरान कई वर्षों से फरार 128 गैर म्यादी वारिटयों एवं 249 गिरफ्तारी वारंटियों को पकडा गया तथा 64 जमानती वारंट तामील किए गए। इस दौरान थाना पनागर में चोरी की एक मोटर सायकिल एवं चाकू के साथ आरोपी राहुल रैकवार निवासी महाराजपुर अधारताल को पकड़ा गया है। इसी प्रकार थाना चरगवॉं में दुराचार के प्रकरण में फरार आरोपी डालचंद उर्फ डल्लू गौड निवासी डभौला को पकड़ा गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240